हिन्दी दैनिक
# तीसरा विकल्प न्यूज़
UPHIN50812
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 01, अंकः-318, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, सोमवार 06 मई 2024



महान जादूगर हेमराज अपनी कला से जनता के दिलों में कर...02

एकजुट हो फिर मोदी सरकार बनाने को नारी शक्ति ने...06



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के अवसर पर।

# मुझे आपके क्षेत्र का विकास करना है: पीएम




**धौरहरा।** उत्तर प्रदेश के धौरहरा में पीएम नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मेरा अपना तो कोई परिवार है नहीं, मेरे परिवार भी आप हैं, मेरे वारिस भी आप हैं। मेरा भारत, मेरा परिवार! जैसे परिवार का मुखिया अपने वारिस के लिए दिन-रात काम करता है, वैसे ही आपके परिवार के सेवक के रूप में मैं भी आपको कुछ देकर जाना चाहता हूं। मुझे आपके क्षेत्र का विकास करना है, आपका विकास करना है, देश का विकास करना है, देश को विकसित बनाना है। पीएम मोदी ने आगे कहा, मोदी आप सभी किसानों के लिए कैसे काम कर रहा है, उसका उदाहरण है इथेनॉल। आज कल आप सुनते होंगे कि मोदी इथेनॉल का उत्पादन बढ़ाने में जुटा है। मोदी सिर्फ इथेनॉल का उत्पादन ही नहीं, बल्कि आपकी आय भी बढ़ा रहा है। 10 वर्षों में करीब 80 हजार करोड़ रुपये इथेनॉल खरीद में किसान को मिले हैं। मोदी, देश के विकास के साथ ही स्थानीय स्तर पर होने वाले विकास कार्यों को भी उतनी ही प्राथमिकता देता है। पीएम मोदी ने इंडिया गठबंधन कहा, 2014 के पहले, 10 साल आपने कांग्रेस और इंडी गठबंधन का काम देखा है। याद कीजिए, उन्होंने देश और प्रदेश का क्या हाल कर रखा था। ये इंडी गठबंधन वाले सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव बांध कर रखते थे। देश की पुलिस, देश की एजेंसियों को आतंक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने दी जाती थी। यहां यूपी में भी यही हाल था। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, सपा सरकार में कितने ही शहरों में आतंकियों के स्लीपर सेल थे, आतंकी संगठन खुलेआम धमकी देते थे। सुरक्षा एजेंसियां बहुत मेहनत करके आतंकियों को पकड़ती थीं, लेकिन सपा सरकार, आतंकियों से मुकदमे वापस ले लेती थी। उन्होंने आगे कहा, अफसरों को कहा जाता था कि आतंकियों के खिलाफ चार्जशीट फाइल न करो, दबाव बनाया जाता ?था कि आतंकियों को जमानत दिलाओ। जो अफसर ऐसा नहीं करते थे, उनका ट्रांसफर हो जाता था। ये सब तुष्टिकरण के लिए, वोट बैंक के लिए किया जाता था। तुष्टिकरण की राजनीति सपा-कांग्रेस के शहजादों के लिए अस्तित्व की मजबूरी बन गई है। अब मुस्लिम समाज भी इन वोट बैंक के ठेकेदारों से छिटक रहा है। इसलिए मुस्लिम वोट बैंक को बचाने के लिए ये लोग खुलेआम तुष्टिकरण कर रहे हैं। इन्होंने अपना घोषणा पत्र मुस्लिम लीग की छाप वाला बना डाला है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों की नजर अब आपकी संपत्ति पर है।

# आंकवादी समर्थक सपा को वोट न दें

## सीएम योगी ने कहा- अबकी बार 400 पार में यूपी का बड़ा योगदान




**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एक चुनावी सभा मे कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुये आत्म निर्भर , सशक्त भारत तथा विकसित भारत निर्माण के लिए जनता से पुन: मोदी सरकार बनाने की अपील करते हुये कहा कि एक तरफ मोदी सरकार मे देश विकास की नयी ऊंचाईयो को छू रहा है वही कांग्रेस की सरकार मे गरीब भूख से मरते थे। समाजवादी पार्टी की सरकार मे आतंकवादियो पर लगे मुकदमे वापस लिए जाते थे। मुख्यमंत्री मल्लावॉ स्थित जूनियर हाईस्कूल मैदान मे मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत के समर्थन मे एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि कांग्रेस पिछड़े वर्ग एससी और एसटी के आरक्षण को काट कर मुसलमानों को देने की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि उन दिनो को याद कीजिये जब समाजवादी पार्टी के लोग सरकार मे थे तब आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे वापस होते थे। रामपुर में सीआरपीएफ के कैम्प पर आतंकी हमला करने वाले , काशी में संकट मोचन मंदिर में आतंकवादी हमला करने वाले, कचेहरी में आतंकवादी हमला करने वाले आतंकवादियो के मुकदमे वापस करने पर हाई कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुये कहा था कि आज इन आतंकवादियो के मुकदमो को वापस ले रहे हो कल इन्हें पद्म पुरस्कारों से नवाजोगे। उन्होने कहा कि 1947 से 2014 तक जितने हाईवे, एअरपोर्ट तथा विश्वविद्यालय बने उससे दोगुने हाईवे, एअरपोर्ट तथा विश्वविद्यालय मोदी सरकार मे केवल दस साल मे बने। 2014 से पहले गरीब भूख से मरते थे लेकिन मोदी सरकार मे 80 करोड गरीब लोगो को मुफ्त राशन मिल रहा है। गरीबो को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जा रहा है यदि किसी गरीब के पास आयुष्मान कार्ड नही है और कोई सांसद या विधायक लिखकर देता है तब इलाज की धनराशि सीधे उसके जनधन खाते मे दी जाती है ताकि किसी गरीब की इलाज के अभाव मे मौत न हो। 50 करोड जनधन खाते खुलवाये गये। 12 करोड शौचालय मे सबसे यादा सीतापुर और हरदोई मे शौचालय बने। जो लोग आवास से वंचित रह गये उन्हे अगले पांच वर्षो मे आवास तथा रसोई गैस भी दी जायेगी। निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण से हरदोई विकसित जिलो की श्रेणी मे पहुंच जायेगा। एक हजार एकड मे लखनऊ और हरदोई के बीच बनने बाले टेक्सटाइल पार्क से तमाम युवको को रोजगार मिलेगा। उन्होने कहा कि एक तरफ जहां मोदी के नेतृत्व मे विकास के बडे बडे विकास के कार्य हो रहे है, गरीबो के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाये चल रही है वही दूसरी ओर जनता की आस्था का भी सम्मान हो रहा है। देश भर मे बहन बेटियां अपने को सुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होने राम का अपमान करने बालो से सावधान रहने तथा आत्मनिर्भर तथा विकसित भारत का निर्माण करने, भारत को दुनिया की सबसे बडी ताकत बनाने के लिए मोदी सरकार बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुये भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत को जिताने की अपील की । इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, उच शिक्षा राय मंत्री रजनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, विधायक आशीष सिंह, अलका अर्कवंशी, रामपाल वर्मा, मानवेन्द्र सिंह रानू, प्रभाष कुमार, विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी और आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है: नड्डा



**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसका एजेंडा दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना है। उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक, धर्म और जाति की राजनीति करने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया है। नड्डा छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में सरगुजा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार चिंतामणि महाराज के समर्थन एक रैली को संबोधित कर रहे थे। वहां 7 मई को मतदान होना है। नड्डा ने कांग्रेस पार्टी पर भगवान राम विरोधी एवं सनातन धर्म विरोधी होने और राष्ट्र विरोधियों का साथ देने का भी आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण करने के लिए दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है। यह उनका एजेंडा और उद्देश्य है। नड्डा ने कहा, ''(पूर्व प्रधानमंत्री) मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। क्या आप ऐसी सरकार चाहते हैं? क्या आप उन्हें सबक सिखाएंगे? उन्होंने कहा कि मोदी सरकार दलितों, आदिवासियों और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) का आरक्षण कभी नहीं छीनने नहीं देगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, दस साल पहले, देश में वोट बैंक, धर्म और जाति की राजनीति होती थी लेकिन मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा और संस्कृति बदल दी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फएक सांसद चुनने के लिए नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ''विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए है।

### न्यूज

### एक और राष्ट्रीय प्रवक्ता ने छोड़ी कांग्रेस, राधिका खेड़ा का प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के दौरे के दौरान राधिका खेड़ा के साथ कांग्रेस नेताओं ने कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया था। उनका एक सोशल मीडिया पर रोते हुए वीडियो वायरल हुआ था। बता दें कि राधिका खेड़ा से पहले गौरव बल्लभ और रोहन गुप्ता भी कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया पर एक लेटर साझा करते हुए लिखा, फ्आज अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूं व अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। हां मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं, और वही अब मैं कर रहीं हूं। अपने व देशवासियों के न्याय के लिए मैं निरंतर लड़ती रहूंगी।

### मोदी झूठों के सरदार, कोई वादा पूरा नहीं हुआ, उनकी सरकार आई तो तानाशाह हो जाएंगे: खड़गे

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पिछले चुनाव में किए वादों पर आड़े हाथ लिया। खड़गे ने कहा कि मोदी ने कहा था कि मैं विदेश में जमा काला धन वापस लाऊंगा और सबके खाते में 15 लाख जमा होंगे। किसानों की आय दोगुनी कर दूंगा। युवाओं को 2 करोड़ रोजगार दूंगा। लेकिन इन सभी वादों में से कुछ नहीं हुआ। मोदी झूठों के सरदार हैं। खड़गे ने ये भी कहा कि देश में 45 साल में सबसे यादा बेरोजगारी है, लेकिन उन्हें (भाजपा सरकार) कोई चिंता नहीं है। अगर हम इसकी बात करते हैं तो वे कहते हैं कि कांग्रेस दो भैंस में से एक गायब कर देगी। अगर हम महंगाई की बात करते हैं तो वे कहते हैं कि हम आपकी जमीन हड़प लेंगे। अगर भाजपा सत्ता में आई तो मोदी तानाशाह हो जाएंगे। ये चुनाव चेतावनी की घंटी की तरह हैं।

### अभिषेक बनर्जी बोले-राहुल के घर सुबह 6 बजे गया था

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा पश्चिम बंगाल में हम कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहते थे। मैं इसके लिए खुद राहुल गांधी से मिलने दिल्ली गया था। सुबह 6 बजे उनके घर पहुंच भी गया, लेकिन बात नहीं बनी। अभिषेक ने सीट शेयरिंग नहीं होने के पीछे कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा अधीर पार्टी और हमारे नेताओं के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे थे। हमने महीनों इस पर चुप्पी साधे रखी। लेकिन कब तक इसे सहा जाता। अभिषेक ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस से गठबंधन को लेकर हमारी पार्टी उत्सुक भी थी। हमने कांग्रेस को शीट शेयरिंग के लिए दिसंबर तक का वक्त भी दिया था, लेकिन हम यादा इंतजार करने की स्थिति में नहीं थे।

## राहुल में कोई आग नहीं, लेकिन चुनाव में हिंदू-मुस्लिम विभाजन की कोशिश कर आग से खेल रही कांग्रेस: राजनाथ सिंह




**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी में कोई 'आग नहीं है जबकि उनकी पार्टी चुनावी फायदे के लिए हिंदू-मुस्लिम विभाजन की कोशिश कर आग से खेल रही है। सिंह ने दिए एक साक्षात्कार में यह संकेत भी दिया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसी बड़ी योजनाओं पर अमल करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें विश्वास है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 सीटों का आंकड़ा पार करेगा और भाजपा को 370 से अधिक सीट मिलेंगी क्योंकि यह अनुमान जमीनी स्थिति के विस्तृत मूल्यांकन के बाद लगाया गया है। संपूर्ण राजनीतिक परिदृश्य पर बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने की कोशिश का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया, ''वे चुनावी फायदे के लिए हिंदू-मुस्लिम विभाजन का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना चाहती है। वे मुस्लिम समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में देखते हैं। मैं उन्हें सुझाव देना चाहता हूं - राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं की जानी चाहिए। राजनीति का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण होना चाहिए। सिंह ने कहा, ''राहुल गांधी में कोई 'आग नहीं है, लेकिन कांग्रेस आग से खेल रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जताएंगे और पिछले पांच साल में सरकार के प्रदर्शन के आधार पर भाजपा की सीटों की संख्या में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# पहाड़ों पर आग का कहर

**उत्तराखंड में डराने लगे सुलगते जंगल...लोगों का घरों में फूल रहा दम, अब तक पांच की मौत**




**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों मे इन दिनों जंगल आग की चपेट में हैं। इस फायर सीजन में जंगल की आग की 886 घटनाएं हो चुकी हैं। जिसकी चपेट में आकर अब तक पांच की मौत और पांच लोग घायल हो चुके हैं। वहीं, 1107 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उत्तरकाशी जिले की बाड़ाहाट रेंज से लेकर धरासू रेंज के जंगल अधिक जल रहे हैं। विभाग के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो अब तक 19.55 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल गए हैं। जहां धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं आग बुझाने में वन विभाग का दम फूल रहा है। दरअसल, बीते गुरुवार शाम को बाड़ाहाट रेंज के जंगलों में फैली आग रविवार तक भी नहीं बुझ पाई। वहीं, मुखेम रेंज के डांग, पोखरी गांव से लगे जंगल के साथ डुंडा रेंज के चामकोट व दिलसौड़ क्षेत्र में भी जंगल वनाग्नि की चपेट में हैं। शनिवार दोपहर में डुंडा रेंज के जंगल दिनभर जलते रहे। वहीं, धरासू रेंज में फेडी व सिलक्यारा से लगे जंगल भी धधकते नजर आए। वन विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो अभी तक वनाग्नि की चपेट में आकर उत्तरकाशी वन प्रभाग में 19.55 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो चुका है। वहीं अब तक वनाग्नि की 27 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। वनाग्नि के चलते अमूल्य वन संपदा के साथ वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। लेकिन वन विभाग की ओर वनाग्नि की रोकथाम के लिए कोई सार्थक प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि वन विभाग का कहना है कि वनाग्नि नियंत्रण के लिए संसाधन बढ़ाए हैं।

## बदायूं दौरे पर रहे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रत्याशी के लिए किया रोड शो

**बदायूं।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज यूपी के बदायूं दौरे पर रहे। यहां पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने जनता को संबोधित किया और वोट के लिए अपील की। साथ ही धामी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। रोड शो के दौरान उनकी सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



बता दें कि यूपी के बदायूं में रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रोड-शो किया। रोड शो बिरुआबाड़ी मंदिर से प्रारंभ होकर पथिक चौक, मढ़ई चौक, हलवाई चौक, सुभाष चौक, रजी चौक, कश्मीरी चौक, इंद्रा चौक, भामाशाह चौक होते हुए बदायूं क्लब पर जाकर समापन किया गया। इस दौरान उनका पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। धामी ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की लोगों से अपील की। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। भारी संख्या में लोग रोड शो के देखने पहुंचे। पुष्कर सिंह धामी आज दोपहर करीब 12.45 बजे सदर विधायक महेश गुप्ता के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा के शासन काल भी आप लोगों ने देखे होंगे। किस तरह से जनता त्रस्त थी। अपराधी माफिया का राज चलता था। गरीब कमजोर को लगातार सताया जाता था। उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा कर लिया जाता था। धामी ने कहा कि जब से योगी-मोदी ने प्रदेश और देश की कमान संभाली है तब से माफिया या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। माफियागीरी खत्म हो गई। तुष्टीकरण की राजनीति से जनता आजिज आ चुकी है।

## रायबरेली, अमेठी में कांग्रेस के प्रचार अभियान की कमान संभालेंगी प्रियंका गांधी

**घर-घर जाकर मागेंगी वोट**




**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा रायबरेली और अमेठी में लोकसभा चुनाव प्रचार का नेतृत्व करेंगी तथा दोनों सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सोमवार से उत्तर प्रदेश के इन संसदीय क्षेत्रों में डेरा डालेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

कई दिनों से जारी असमंजस को खत्म करते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि राहुल गांधी रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जो पिछले दो दशकों से उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र रहा है। वहीं, गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। प्रियंका गांधी ने पहले ही प्रचार अभियान की कमान संभाल ली है और सोमवार से चुनाव खत्म होने तक वह रायबरेली तथा अमेठी में डेरा डाले रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि प्रियंका अपने भाई राहुल गांधी और शर्मा की जीत सुनिश्चित करने के लिए आक्रामक तरीके से प्रचार करेंगी। राहुल गांधी के पूरे भारत में प्रचार करने के साथ, प्रियंका गांधी ने पारिवार के दोनों गढ़ में प्रचार अभियान की कमान संभालने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने रायबरेली से बड़े अंतर से जीत सुनिश्चित करने और अमेठी में फिर से पार्टी को विजय दिलाने का संकल्प लिया है। अमेठी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को हराया था। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, ''वह (प्रियंका गांधी) अमेठी और रायबरेली में प्रचार अभियान की अगुवाई करेंगी।

## बालू माफियाओं का कहर, ट्रेक्टरट्राली से कुचल कर एएसआई को मौत के घाट उतारा, दो गिरफ्तार

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन में लगे ट्रेक्टरट्राली चालक ने एक सहायक पुलिस उप निरीक्षक (एएसआई) को कुचल दिया, जिससे वे मौके पर ही शहीद हो गए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और तीसरे की तलाश जारी है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात्रि में एएसआई महेंद्र बागरी एक फरार आरोपी को पकड़ने के सिलसिले में जा रहे थे। रास्ते में उन्हें ट्रेक्टर ट्राली दिखायी दी, जिसमें रेत लदी हुयी थी। उन्होंने ट्रेक्टर को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान चालक ने ट्रैक्टर समेत भागने का प्रयास किया और एएसआई उसकी चपेट में आ गए। इस वजह से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और उसने ब्यौहारी थाने में हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर ट्रैक्टर चालक विजय उफ राजरावत और आशुतोष सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी सुरेंद्र सिंह की तलाश की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ पहले से भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आयी है।

# एसजीपीजीआई में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के 36 वां स्थापना दिवस का आयोजन

**• विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम**






**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मोहम्मद जाहिद अख्तर**

लखनऊ - संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा 4 मई 2024 को टेलीमेडिसिन सभागार में विभाग का 36वां स्थापना दिवस और पूर्व छात्र सम्मेलन बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। हर वर्ष 5 मई को ''विश्व हाथ स्वच्छता दिवस'' के अवसर पर एसजीपीजीआई में जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। ''विश्व हाथ स्वच्छता दिवस'' की इस वर्ष की थीम ''अभिनव और प्रभावशाली प्रशिक्षण के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं के ज्ञान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना'' पर आधारित एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन 3 मई को किया गया था, जिसके विजेताओं को शनिवार को इस मौके पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. आर.के. धीमन ने हाथ की स्वच्छता जागरूकता पर मुख्य बिंदुओं के साथ सभा को संबोधित करते हुए रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों और विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने रोगी देखभाल के लिए और आईसीयू में बैक्टीरिया में दवा प्रतिरोध के बढ़ते बोझ को रोकने के लिए हाथ की स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ धीमन ने बताया कि हाथों को साफ रखने से 3 में से 1 डायरिया रोग और 5 में से 1 श्वसन संक्रमण जैसे सामान्य सर्दी या फ्लू को रोका जा सकता है। संक्रमणों को हाथ रगड़ने या साबुन और पानी से हाथ धोने से इसे आसानी से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने हमें सिखाया है कि मास्क पहनना और हाथ की स्वच्छता हमारे बचाव के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. शालीन कुमार, डीन ने बेहतर रोगी देखभाल के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के बीच हाथ की स्वच्छता को महत्व दिया। आरएमएलआईएमएस के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो डॉ. मनोदीप सेन ने ''संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण पर ज्ञान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना'' विषय पर एक व्याख्यान दिया, जिसमें उचित रक्त संग्रह तकनीकों, हाथ की स्वच्छता के लिए सिफारिशों, उचित हाथ स्वच्छता उत्पादों के चयन व विश्व स्वास्थ्य संगठन के हाथ स्वच्छता दिवस के उद्देश्यो पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की गई। प्रो. चिन्मय साहू, एडिशनल प्रोफ़ेसर, माइक्रोबायोलॉजी एसजीपीजीआई ने ''संवेदनशीलता के ब्रेकप्वाइंट बनाम एमआईसी ब्रेकप्वाइंट की भूमिका'' पर व्याख्यान दिया। संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर आधारित एक जानकारीपूर्ण लघु नाटिका और नृत्य प्रस्तुत किया गया। डॉ. केएन प्रसाद, प्रो. और पूर्व-एचओडी ने माइक्रोबायोलॉजी विभाग में अपने यादगार अनुभव साझा किये। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. अजय कुमार दीक्षित, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी और मलय घर, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने अपने अनुभवों को साझा किया। स्थापना दिवस पर सुबह हाथ की स्वच्छता पर वैज्ञानिक सत्र और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में 80 से अधिक पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

# राष्ट्रनायकों को अपमानित करने की सपा और कांग्रेस की पुरानी नीतिः भूपेंद्र

**➩ सपा कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप का अनादर किया, वह नाकाबिले बर्दाश्त**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने आज रविवार को कहा कि मैनपुरी में सपा प्रमुख अखिलेश द्वारा डिंपल यादव के प्रचार के लिए हुए रोड शो में जिस प्रकार सपा कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप का अनादर किया, नाकाबिले बर्दाश्त है। सपा प्रमुख की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी दिवंगत माता के प्रति जो अपमानजनक टिप्पणी की गई उसपर अखिलेश यादव को माफी मांगनी चाहिए।

सपा कार्यकर्ताओं की हरकत उनकी पार्टी की रीति और नीति की परिचायक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रनायकों को अपमानित करने की सपा और कांग्रेस की पुरानी नीति है। महाराणा प्रताप ने भारत की अस्मिता और मान सम्मान की रक्षा के लिए मुगलों से बड़ी लड़ाइयाँ लड़ी थीं। उन्होंने घास की रोटियाँ खाना स्वीकार की लेकिन मुगलों के आगे नहीं झुके। उन्होंने मुगलों की पराधीनता स्वीकार नहीं की, लेकिन अल्पसंख्यक तुष्टिकरण और वोट बैंक के लालच में सपा के नेता, कार्यकर्ता राणा प्रताप को भी अपमानित करने से नहीं चुके वह भी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की मौजूदगी में। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ तुष्टिकरण की अंधी रेस में सपा कार्यकर्ताओं की यह हरकत निंदनीय है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रोड शो के दौरान इस कृत्य को रोकने का भी प्रयास नहीं किया गया। जो यह दर्शाने के लिए पर्याप्त है कि राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रत्येक महाराणा प्रताप के प्रति वे क्या भाव रखते हैं। अपने इस कृत्य के लिए भी सपा प्रमुख को अविलंब माफी माँगनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि रोडशो में उनके समर्थकों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अमर्यादित शब्दावली का इस्तेमाल किया गया। उनकी दिवंगत मां के प्रति भी अपशब्द कहे गये वह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हैं। सपा प्रमुख को अपने कार्यकर्ताओं के आचरण पर संपूर्ण देश से माफी माँगनी चाहिए।

श्री चौधरी ने यह भी कहा कि महलों में रहने वाले शहजादे की यह नफरत गरीबी और पिछड़े समाज से आने वाले पीएम मोदी जी के प्रति ही नहीं है, बल्कि वे हर उस गरीब और पिछड़े तबके के व्यक्ति के प्रति उनकी घृणा को दर्शाता है जो समाज का नेतृत्व करना चाहता है। गरीबी, पिछड़ेपन से निकलकर मुख्यधारा में आने का सपना संजोये है। उन्होंने कहा कि सपा और उसके नेता पीडीए की बात करते हैं लेकिन पिछड़ों और दलितों के मान सम्मान और स्वाभिमान के संरक्षण के लिए काम करने वाले मोदी से नफरत करते हैं।

## जन कल्याण महासमिति एवं एस.के.डी एकेडमी के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – गोमती नगर के सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि वो स्वयं के परिवार एवम आस–पास के लोगों का शत प्रतिशत मतदान 20 मई को करवाएं। छात्रों एवम उनके परिजनों को ये दायित्व दिया गया कि अपना सक्रिय योगदान इस महापर्व में दें। इस आयोजन में सभी ने मतदान करने की शपथ ली। महासमिति के अध्यक्ष डॉ बी एन सिंह, महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल, कार्यकारी महासचिव कर्नल ए एन सिंह, सचिव आर डी मौर्या, सेवा प्रमुख नफीस अहमद एवं अन्य पदाधिकारियों की सहभागिता रही। पहले मतदान फिर जलपान उक्त आयोजन के बाद महासमिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें ये निर्णय लिया गया कि महासमिति एवं समितियों के सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी लेते हुए अपने अपने क्षेत्र में सभी गलियों के सभी नागरिकों को शत प्रति शत मतदान के लिए प्रेरित करेंगे एवम सभी को ये दायित्व दिया गया कि सभी नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें।

# लोकसभा चुनाव : सपा ने कई बेटियों को किया प्रमोट

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी के कई इलाकों की बेटियां अपनों की सियासत की विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। किसी ने अपने माता पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई है तो कोई खुद चुनावी मैदान में उतर कर परिवार का मान सम्मान बढ़ाने में लगी हैं।इनको आधी आबादी का भी प्यार और दुलार मिलने की उम्मीद है।अगर ऐसा हुआ तो बदल जायेंगे सारे सियासी समीकरण और संसद में आवाज बुलन्द करने जा पहुंचेंगी।

समाजवादी पार्टी ने कई बेटियों को प्रमोट किया है।पार्लियामेंट के चुनाव में उतारा है। सदन में महिलाओं की पर्याप्त भागीदारी होगी तभी महिलाओं के हक की असल आवाज उठेगी। समाजवादी पार्टी अन्य पार्टियों से इस दिशा में आगे है। सपा ने बेटियों को लोकसभा का टिकट देकर उनपर अपना विश्वास जताया है।पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी रहे बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को समाजवादी पार्टी ने गोंडा से टिकट दिया है। बेनी बाबू सपा के फाउंडर मेम्बर रहे हैं। गोंडा के पड़ोसी जिले बाराबंकी की रहने वाली श्रेया ने स्कूली पढ़ाई वेल्हम गर्ल्स स्कूल देहरादून से की है। दिल्ली के रामजस कॉलेज से इकोनॉमिक्स में ऑनर्स करने वाली श्रेया वर्मा ने राजनीति की शिक्षा अपने बाबा और पिता से ली है। उनसे सियासी बारीकियों सीखी है। श्रेया के पिता राकेश वर्म राज्य सरकार में मंत्री रहे हैं। वह कुछ साल पहले सपा में आईं और महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी। 2022 के चुनाव में अपने पिता राकेश वर्मा के प्रचार की जिम्मेदारी संभाली थी। वह गोंडा से अपना भाग्य आजमा रही हैं। उनके खिलाफ भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव मैदान में हैं। मछलीशहर सु. सीट से समाजवादी पार्टी ने अधिवक्ता प्रिया सरोज को टिकट दिया है। ये तीन बार के सांसद और वर्तमान 2022 में मछलीशहर की केराकत सीट से विधायक तूफानी सरोज की पुत्री हैं। प्रिया ने लोकसभा चुनाव में सपा की उम्मीदवारी है। दिल्ली के एयरफोर्स स्कूल से 12वीं तक और फिर दिल्ली यूनिवर्सिटी से आर्ट्स में ग्रेजुएशन करने वाली प्रिया सरोज ने 2022 में लॉ की पढ़ाई पूरी कर सुप्रीम कोर्ट में बतौर अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रही हैं। शुरू से ही पिता के साथ राजनीति में सक्रिय रहीं हैं। उनका दावा हैं कि वे संविधान बचाने के लिए चुनाव लड़ रहीं हैं।कहती है कि राजनीति में महिलाओं को आगे आना चाहिए। अधिकारों को समझने की जरूरत है। इसके लिए आगे आना होगा।भाजपा पर हमलावर प्रिया कहती हैं कि ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर भाजपा विपक्ष को परेशान कर रही है।पश्चिमी यूपी की कैराना लोकसभा सीट से पूर्व सांसद मुनव्वर हसन की बेटी इकरा हसन को सपा ने चुनाव मैदान में उतारा है। इकरा हसन पिछले कई सालों से कैराना क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय हैं। वह पूर्व सांसद तबस्सुम हसन की बेटी हैं और कैराना से सपा विधायक नाहिद हसन की बहन हैं। लंदन से पढ़ी इकरा हसन ने 2022 में अपने भाई के जेल जाने के बाद उनके प्रचार की कमान संभाली और जितवाया भी। इकरा हसन पूर्व में जिला पंचायत सदस्य पद पर अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं। कैराना से चुनाव मैदान में हैं। इनके खिलाफ भाजपा के प्रदीप चौधरी हैं। इनके क्षेत्र में पहले ही चरण में चुनाव हो चुका है और इनकी किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है।पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव मैनपुरी से चुनाव मैदान में हैं। मैनपुरी से यह उनकी दूसरी पारी है। इस बार उनकी बेटी अदिति यादव भी मां के लिए जनता के बीच जाकर वोट मांग रहीं हैं। अदिति के प्रचार–प्रसार से डिंपल यादव को मतदाताओं का काफी सपोर्ट मिल रहा है। अदिति बड़े बुजुर्गों से वोट की अपील कर रही हैं। अदिति यादव लंदन से पढ़ाई कर रही है। कभी मां के साथ तो कभी उनके बिना प्रचार कर रही है। इस दौरान उनके कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## समाचार

### कामरूप में मतदाता जागरूकता के लिए शुरू की गई वोट-फ्लेम यात्रा संपन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता पंकज नाथ**



असम – लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए असम के कामरूप चुनावी जिले द्वारा जिले भर के 965 मतदान केंद्रों पर वोट फ्लेम जागरूकता अभियान आज सरायघाट हायर सेकेंडरी स्कूल के मतदान केंद्रों पर समाप्त हो गया। रामपुर के हलीगांव हायर सेकेंडरी स्कूल के एक मतदान केंद्र से 20 अप्रैल को शुरू हुई मतदान फ्लेम यात्रा कामरूप निर्वाचन जिले के सामरिया, बोको–चायगांव, पलाशबाड़ी, हाजो–शुवालकुची विधानसभा क्षेत्रों के 965 मतदान केंद्रों तक पहुंची। उल्लेखनीय है कि कामरूप चुनावी जिले के स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) कार्यक्रम के तहत निकाली गई यात्रा का उद्देश्य मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और मतदाता जागरूकता का संदेश देना था। वोट फ्लेम जागरूकता यात्रा के समापन समारोह में जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता, बोको राजस्व सर्कल के अंचल अधिकारी (संलग्न) और स्वीप सेल की सहायक अधिकारी शोमा रॉय उपस्थित थीं।

### बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मनाई जयंती

**देवरिया।** नगर पंचायत गौरी बाजार के वार्ड नंबर –1 चंद्रशेखर आजाद नगर में वार्ड सभासद संजय कुमार के नेतृत्व में उनके आवास पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान यहां उपस्थित लोगों द्वारा बाबा साहब को संविधान निर्माता के रूप में याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित किया गया। तथा केक काटकर एक दूसरे को खिलाते हुए खुशियाँ मनाई। साथ ही उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर वार्ड सभासद संजय कुमार, वार्ड नंबर 7 के सभासद विशाल यादव, वार्ड नंबर 3 के सभासद मुमताज अली, पत्रकार व (INJCCS) राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रेम कुमार यादव, संजीव बरनवाल, पूर्व सभासद प्रदीप यादव, अजित कुमार, अनिल श्रीवास्तव, सिद्धार्थ यादव, शेषनाथ, ओमकेश्वर, पूर्व सभासद रमेश गुप्ता, मनीष कुमार, राहुल कुमार, राधवेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र के महापर्व में, हम कर्तव्य निभाएंगे

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 6 में लक्ष्य जनकल्याण समिति की आयोजित हुयी बैठक में शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एस.के. बाजपेई ने कहा कि इस समय लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है ऐसे में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि मतदान अवश्य करे। इस अवसर पर उपस्थित लक्ष्य जनकल्याण समिति के सांस्कृतिक सचिव कवि महेश चन्द्र गुप्त महेश ने अपने मुक्तकों के माध्यम से मतदान हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सैर सपाटे सभी छोड़ के। मौज मस्ती से मुँह मोड़ के ।।, आओ चलें करें मतदान।, लोक तंत्र का पर्व महान। बैठक में समिति के महामंत्री पंकज कुमार तिवारी ने कहा जनविकास कार्यों में तेजी लाने के लिये जनता का जागरूक होना आवश्यक है और सही प्रतिनिधि चुनने के लिये शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है और लक्ष्य जनकल्याण समिति जानकीपुरम विस्तार में शत प्रतिशत मतदान करने के लिये संकल्पित है। बैठक में एसके बाजपेई, ज्ञानेन्द्र सिंह सिकरवार, पंकज कुमार तिवारी, दिनेश चन्द्र गुप्ता, डा० अमित सक्सेना, प्रणव दीक्षित, संत कुमार वर्मा, प्रणव मिश्रा, दिनेश नाथ मिश्रा, अनिल कुमार मिश्रा, रामजीत यादव, कमलेश वर्मा, अजय यादव, महेश चन्द्र गुप्त महेश, संजय अवस्थी, अरविन्द मिश्रा, राहुल पालीवाल, जे पी वर्मा, प्रणव दीक्षित, सुशील कुमार मिश्रा सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार की किसान हितैषी योजनाएं ही किसानों की असली शक्तिः कामेश्वर सिंह



**कुशीनगर।** किसानों के सशक्तिकरण और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में जितने कार्य किए हैं, उतने पहले कभी नहीं हुए। मोदी सरकार की कृषि हितैषी योजनाएं आज किसानों की असली शक्ति बनी है। किसानों, पिछड़ों, गरीबों, शोषितो और वंचितों को सम्मान, स्वाभिमान और उनको समाज में बराबरी का दर्जा देने का काम मोदी सरकार लगातार कर रही है। यह बातें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने रविवार को जनता इण्टर कालेज रामकोला में आयोजित अन्नदाता किसान सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता कहा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद से भारत दुनिया का सिरमौर बन जाएगा। देश को समृद्धशाली व गौरवशाली बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करना जरूरी है। भाजपा सरकार ने किसानों को सम्मान निधि देकर उनकी उपज दोगुनी करने के साथ ही एमएसपी पर खरीद शुरू की।केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारे किसानों के विकास के लिए नई–नई तकनीकों के माध्यम से दिशा और दशा बदलकर कृषि प्रधान देश की प्रथम पायदान पर लाना चाहती है। जितना कार्य और सुविधाएं किसानों के लिए हमारी सरकारों ने दिया और निरंतर दे रही है वह यदि विगत सरकारों ने किया होता तो आज अन्नदेवता और उसका परिवार सम्पन्न और खुशहाल होता। मोदी सरकार किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सांसद विजय कुमार दूबे ने मोदी सरकार द्वारा किसान हित में किए गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि किसान नेता चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न सम्मान देकर मोदी सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह किसानों की सच्ची हितैषी है। सम्मेलन को लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, सांसद विजय कुमार दूबे, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय,हाटा विधायक मोहन वर्मा ने भी सम्बोधित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता और आभार ज्ञापन किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय राय तथा संचालन जिला महामंत्री विजय शंकर तिवारी ने किया।इस अवसर पर राधेश्याम पाण्डेय, हरिशंकर राय, सन्तोष दत्त राय,शत्रुघ्न शाही, सतीश चौधरी, जितेन्द्र सिंह, आलोक तिवारी,राधेश्याम दीक्षित, मोहन प्रसाद खरवार, मंशा पाण्डेय,किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष दिनेश जायसवाल, बीरेंद्र तिवारी,अनुप श्रीवास्तव, अजय गोविंद राव शिशु,निशांत शुक्ल सहित किसान मोर्चा के पदाधिकारी और सैंकड़ों किसान मौजूद रहे।

## बीजेपी न रायबरेली में जीतेगी न अमेठी मेंः रविंद्र श्रीवास्तव

**लखनऊ।** रायबरेली और अमेठी में चुनाव का रूख भांपने के लिए अमेठी और रायबरेली दौरा कर लखनऊ लौटे इंडिया के घटक राष्ट्रीय जनता दल के स्टार प्रचारक रविंद्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि बीजेपी न रायबरेली में जीतेगी न अमेठी में, जनता हकीकत समझ गई है। उन्होंने कहा कि हमने वहां के लोगों, खोंमचे वाले,चाय की दुकानों, पान की दुकानों पर खड़े लोगों से, किसानों ,व्यापारियों से और नवजवानों से बात की जिसमें बीजेपी के प्रति नाखुशी साफ झलकी।हमने पूंछा कि अमेठी में भाजपा घ्और कांग्रेस घ्क्या स्थिति है, भाजपा ने दस सालों में क्षेत्र कुछ विकास किया है,इस पर लोगो ने बताया कि अमेठी और रायबरेली दोनो जगहों से कांग्रेस भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही है। कुछ ने कहा कि दोनो सीटें कांग्रेस जीत रही है। भाजपा ने अपने दस काल के कार्यकाल में न गांवों की सड़कें बनवाई न बेरोजगार नवजवानों को नौकरियां दी। किसान,व्यापारी भी परेशान हैं,जीएसटी से सभी परेशान हैं।हर गरीब के जेब से पैसा खींचा ही है, देने का काम किया नही है। विकास ठप है।पिछले चुनाव में स्मृति ईरानी ने जो वादे किये थे एक भी पूरा नहीं किया ।अब चुनाव आये तो अमेठी में आकर हम सबकी हमदर्द बन रही है। हम सब अब इनको सबक सिखायेंगे और पांच साल का हिसाब मांगेंगे। भाजपाई घमंड में चूर हैं, घमंड मतदाता तोड़ने वाले हैं। मोदी या भाजपा वाले बोलते हैं कि राहुल डर गये है,यह उनके स्वंय के घबराहट की निशानी है वे न तो डरे है और न कभी डरते हैं। अब तो मोदी शाह योगी हिंदू मुस्लिम कर रहे हैं, विकास, नवजवान और किसान की बात नहीं करते हैं। लोकतंत्र और संविधान खतरे में है ,देश राजतंत्र की ओर बढ़ता जा रहा है इसलिए हम सब कांग्रेस को ही बेहतर समझते हैं। कांग्रेस ही दोनो जगहों से बम्पर वोटों से जीतेगी।,भाजपा का दोनो जगह सूपड़ा साफ हो जाएगा।

# मोदी विकसित भारत के प्रणेता हैः ए.के. शर्मा









**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ/अम्बेडकरनगर - प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने अम्बेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा अकबरपुर और जलालपुर भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे के समर्थन में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी द्वारा की गयी। मंत्री ए.के. शर्मा ने सम्मेलन में उपस्थित बूथ अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव हार-जीत से ज्यादा जीत के अंतर को बढ़ाने का चुनाव है।

प्रत्याशी रितेश पांडे पहले विधायक, फिर सांसद और एक बार फिर आपकी लोकसभा सीट से सांसद होने बनने जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में कई जिलों मे आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में सभी भाजपा अनुशासित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीगण का उत्साह देख कर यह आश्वस्त हो चुका है कि फिर एक बार मोदी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनने जा रही है। अम्बेडकर नगर की विधानसभा अकबरपुर और जलालपुर में जिलाध्यक्ष श्री त्रयंबक तिवारी जी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय के समर्थन में आयोजित बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने कहा आप सभी कार्यकर्ताओं का अनुशासन और उत्साह देखकर अब कहीं कोई शंका का स्थान नहीं रह गयी है एनडीए 400 पार और फिर से एक बार मोदी सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि रितेश जी जो लोकसभा में हमारे सुपरस्टार हैं, बहुत अच्छे वक्ता हैं, बहुत अच्छी समझ है और आज अब इसमें कोई कहीं कोई शंका नहीं है कि हम 400 बार करेंगे और और और उसमें अम्बेडकरनगर लोकसभा से भी एक कमाल का फूल 400 पार की माला में सुशोभित होने वाला है। उन्होने कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों में इस देश के गरीबों की कोई चिंता नहीं करता था। वहीं भाजपा की मोदी सरकार ने लोगों का जीवन और भी सुगम और सुदृढ़ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जो अनाज पहले की सरकारों में गोदामों में सड़ जाता था, आज वही अनाज मोदी के शासनकाल में गरीबों का पेट भरने के काम आ रहा है। भाजपा की सरकार में सभी को हर घर जल, सभी को आवास, मुफ्त इलाज़, शौचालय जैसे अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं को देने का काम किया है। वहीं हमने संकल्प पत्र में भी लिखा है कि इस बार हम 70 वर्ष के सभी लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ देंगे और आज इसके लिए हमारे कार्यकर्ता फॉर्म लेकर लोगों को इसके प्रति जागरूक भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने पन्ने पर लिखे सभी मतदाता से संपर्क में रहकर उन्हें वोट करने के लिए प्रेरित करते रहे। यदि कोई मतदाता क्षेत्र में नहीं है तो उनसे भी संपर्क कर मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि हम सभी को मिलकर वोट प्रतिशत को बढ़ाना है, जो हमारे अच्छे बूथ हैं जहां भाजपा को 70-80 प्रतिशत मिलता है, वहां पर कोशिश करिए की एक भी वोट पड़े बिना ना रह जाए। मंत्री ए.के. शर्मा लोकसभा के कहा कि मोदी जी ने 10 साल देश की कई ऐतिहासिक समस्याओं को निजात दिलाई है। जैसे 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, हर घर जल, बिमारी में मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, आवास, शौचालय, स्कॉलरशिप ऐसी अन्य और भी हैं। उन्होने कहा कि 24 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। पिछले कार्यकाल में 4 करोड़ का प्रधानमंत्री आवास दिये गए हैं वहीं इस बार भी हम 3 करोड़ आवास और देने जा रहे हैं। उन्होने कहा कि यह मोदी जी की व्यवस्था है, वहीं योगी जी की कानून व्यवस्था और सुशासन ने उसमें और भी चार-चाँद लगा दिए हैं। हमारे देश के विकास के साथ हर एक व्यक्ति का भी विकास होना चाहिए। इसके लिए हर घर में शौचालय, साफ सफाई व्यवस्था नाले-नालियों और गलियों का निर्माण कार्य भी होना चाहिए। इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की कई योजनाओं के तहत पिछले 10 वर्षों से देश में और 7 वर्षों से कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होने कह कि अगर विपक्षी दलों की सरकार बनती है, तो सबसे पहले यह मुस्लिम महिलाओं को जो तीन तलाक का कानून बना है उसको खत्म कर मुस्लिम महिलाओं को असहाय असाही स्थिति में डालने का काम करेगा। दूसरा काम कश्मीर में जो धारा 370 खत्म कर भारत का अभिन्न अंग बनाने का काम किया गया है उसे भी 370 को पुनर्जीवित करने की कोशिश करेंगे। तीसरा कम यह करेंगे कि पूर्वांचल से लेकर सभी अन्य क्षेत्रों में जो माफिया को पालने और उसको संरक्षण देंगे, जिससे सारे काम सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे। सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के बजाय उसे दीमक की तरह चाट जाएंगे। उन्होने कहा कि आपने खुद ही मालूम है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी कहते थे कि केंद्र से 100 पैसा चलता था, तो जनता के पास 15 पैसा ही पहुंचता था, यही स्थितियां फिर से वापस आ जाएगी अगर आपने इन विपक्षी दलों के झांसे में फँसने का काम किया। भाजपा के शासन में किसान सम्मान निधि हो, स्कॉलरशिप, वृद्धा पेंशन या अन्य योजनाओं से सरकार द्वारा दी जा रही सहायता राशि का पूरा 100 का 100 पैसा सीधे आपके खाते में जाता है, इसमें ना किसी तरीके की दलाली है, और ना ही कोई रोक-टोक है। यह परिस्थितियों मोदी जी के शासनकाल में ही संभव है। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि विध्युत के क्षेत्र अंबेडकर जिले में बहुत काम चल रहा है। शुद्धिकरण का काम करने और आधारभूत संरचना को ठीक करने के साथ ही हम प्रदेश को 24 घंटे निर्बाध बिजली देने की व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होने कहा कि अंबेडकर नगर में पिछले साल 17,314 नये खम्बे नंबर लगाए गए हैं। 922 किलोमीटर खुले तारों को एबी कबले से बदल गया है। आपके जिले में ट्रांसफार्मर भी भारी मात्रा में बदले गये हैं। अकबरपुर साल 12847 ट्रांसफार्मर बदलें, टांडा 6372, आलापुर में 6811, जलालपुर में 9825 यह काम हो गया है, बिजली की पूरी व्यवस्था को नवीन करने के लिए हम पूरी तरीके से कम कर रहे हैं और साथ ही और आपके पाइपलाइन के जो काम है 2023-24 में और अकबरपुर में 244, जलालपुर में 227, टांडा में 130 अलापुर में 135 काम, कुल मिलाकर 736 काम आपके जिलर में चल रहे है। बिजली के नए सब स्टेशन बनाने का काम भी जोरो से चल रहा है। अकबरपुर में एक जलालपुर में 2 जगह निवादा और कर्बला, टांडा में फतिकाबगंज में, अलापुर में तहसील में नये उपकेंद्र या उच्चिकरण का कार्य मंजूर किया गया है, सालारपुर का भी काम शुरू करा दिया जायेगा। 24 घंटे की व्यवस्था को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होने कह कि विधानसभा में एक प्रश्न के जवाब में मैंने कहा था, कि यह जो बिजली में आजकल समस्याएं हैं, वो समाजवादी पार्टी की पिछली सरकारों में बोये हुए बबूल की देन है। आपको बता दें कि जो भर्तियाँ मेरिट के आधार पर होती हैं, ऐसे अध्यार्थियों में काम करने की लगन और क्षमता अलग होती है। जो कंपटीशन से नौकरी पाता है उसे नौकरी की अहमियत पता होती है। मा-बाप के बलिदान, तपस्या और त्याग का समझता है। तो वह जिम्मेदारी से कार्य भी करता है। मगर सपा के शासन में जो लोग पात्र नहीं थे, उनको भी उनके परिवार के सदस्यों, उनकी जाति के, सबको नौकरी दी गई और वही लोग एक बहुत बड़ा बाबुल है, जो प्रदेश की बहुत सारे विभागों में समस्या पैदा कर रहा हैं। जिससे आम जनता परेशान हो रही है। लेकिन हमने उसे समय भी कहा था कि अगर इस तरीके का कोई भी व्यक्ति जनता को परेशान करते हुए मिलेगा, तो हम लगातार कार्यवाही करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। सपा की सरकारों में हुए बिजली के करारों ने भी 24 घंटे बिजली देने में समस्या खड़ी की हुई थी, लेकिंग हम उससे समस्या के निपटने का काम जोरों पर कर रहे हैं।

# भारतीय चुनाव के उच्चतम मानकों व पारदर्शिता पर पूरी दुनियां में भारत की गूंज

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की टकटकी नज़रें भारत में होरहे चुनावी महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 पर लगी हुई है। हालांकि दो चरण 19 व 26 अप्रैल 2024 पूर्ण हो चुके हैं, तीसरे चरण 7 मई, चौथे चरण 13, पांचवा चरण 20 व छठवां चरण 25 मई 2024 का नोटिफिकेशन इशू होकर तैयारियां शुरू है, जिसमें दिल्ली की 7 सीटों पर सबकी नज़रें लगी हुई है जिसपर अति हाई लेवल पर जनता की जिज्ञासा टिकी हुई है,क्योंकि इसमें एक पार्टी का भविष्य की सहानुभूति से जुड़ा है, जिसपर पूरी दुनियां की नज़रें लगी है फिर भी भारत दुनियां का सबसे बड़ा व चुनावी प्रणालियों की बारीकियां, सटीक प्रथाओं उच्चतम मानकों वपारदर्शिता का गड़ है, इसीलिए ही भारतीय चुनाव आयोग की पूरी दुनियां में धाक है, जिसका सटीक उदाहरण दिनांक 4 से 9 मई 2024 तक दुनियां के चुनाव प्रबंधन निकायों के 23 देशो के 75 प्रतिनिधि भारत पहुंचे हैं जो भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लगने के बराबर है, जिसे हर भारतीय को गौरववित होकर रेखांकित करना जरूरी है। देश में पहला चुनाव 1951 में हुआ था परंतु इस बार 2024 में 73 साल गुजर चुके हैं 18 वीं लोकसभा का चुनाव हो रहा है।इस लंबी अवधि से भारत के राजनीतिक नजारों में बेहद परिवर्तन हो चुका है कई नए राज्य बन गए हैं तो कई नई लोकसभा, विधानसभा सीटें बन गई है और आगे भी बढ़ेगी जिसे देखते हुए नया संसद भवन, सदस्यों की विशाल कैपेसिटी को देखते हुए बनाया गया है, तो चुनाव आयोग भी समय-समय पर अनेक परिवर्तन संशोधन पारिस्थितिकी तंत्र परिस्थितियों के अनुसार अपने आप को ढालते हुए आज विश्व पटल पर एक सफल चुनाव आयोग की अपनी प्रतिष्ठा कायम रखे हुए हैं, जिसे देखने दुनिया के अनेक देश भारत आए हैं और उनके द्वारा कुछ गुण वहां से उठाकर अपने देश में लागू करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि भारतीय चुनाव प्रणाली की बारीकियों,सर्वोत्तम प्रथाओं का अवलोकन करने दुनियां के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि भारत पहुंचे हैं,इसलिए आजहम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारतीय चुनाव आयोग के उच्चतम मानकों व पारदर्शिता की पूरी दुनियां में भारत की गूंज है। साथियों बात अगर हम 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 प्रतिनिधियों के भारत पहुंचने की करें तो, भारत के चुनाव आयोग ने दुनियां के सबसे बड़े चुनावों को देखने के लिए 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से 75 अंतरराष्ट्रीय आगंतुकोंकोआमंत्रित किया है। चुनाव आयोग ने कहा कि यह अभ्यास भागीदारी के पैमाने और परिमाण के मामले में पहला है। आमंत्रित प्रतिनिधि 23 देशों - भूटान मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे,बांग्लादेश कजाकिस्तान जॉर्जिया के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चिली, उज़्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया हैं।इन23 देशोंके साथइंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के सदस्य और भूटान और इज़राइल की मीडिया टीमें भी भाग लेंगी।भारत के चुनावी निकाय ने कहा कि यह उच्चतम मानकों के आम चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण देता है, जो ईएमबी के लिए लोकतांत्रिक उत्कृष्टता को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए एक स्वर्णिम पुल की पेशकश करता है।ईसीआई ने एक बयान में कहा,भारत का चुनाव आयोग मौजूदा लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) आयोजित करके अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जारी रख रहा है।ईसीआई ने कहा कि यह कार्यक्रम 4 मई से शुरू हो रहा है, जिसका उद्देश्य विदेशी ईएमबी को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना है।मुख्य चुनाव आयुक्त, दोनों चुनाव आयुक्त 5 मई को प्रतिनिधियों को संबोधित किया। इसके बाद प्रतिनिधि छह राज्यों- महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए छोटे समूहों में निकले।कार्यक्रम का समापन 9 मई को होगा। चल रहे लोकसभा चुनाव जो 19 अप्रैल को शुरू हुए और सात चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं, 1 जून को समाप्त होंगे और 4 जून को वोटों की गिनती होगी। साथियों बात अगर हम छठवें चरण के चुनाव की करें तो छठवें चरण की नामांकन प्रक्रिया सोमवार यानी 29 अप्रैल से शुरू हो चुकी है 6 मई नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि है। सात मई को नामांकन पत्रों की समीक्षा होगी। प्रत्याशी नौ मई को नामांकन वापस ले सकते हैं।सात राज्यों की 57 लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। हरियाणा और दिल्ली की सभी सीटों पर इसी चरण में मतदान संपन्न हो जाएगा।दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव इसी चरण में है। चांदनी चौक, उत्तरी-पूर्व दिल्ली, पूर्व दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। चुनावी अखंडता और पारदर्शिता के प्रतीक के रूप में, निर्वाचन आयोग वैश्विक चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत में लोकतांत्रिक उत्कृष्टता को प्रथम दृष्टया देखने की पेशकश करते हुए देश में उच्चतम मानकों के साथ आम चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण देता है। निर्वाचन आयोग चल रहे लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के आयोजन के माध्यम से लगातार अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। साथियों बात अगर हम पहले लोकसभा चुनाव 1951-52 से 18वीं लोकसभाके लिए चुनाव 2024 तक सफ़र की करें तो पहले आम चुनाव से अब तक इतना बदल गया देश का सियासी मैप, मध्य भारत,विंध्य प्रदेश, सौराष्ट्र, बॉम्बे, मद्रास, हैदराबाद, पीईपीएसयू, कच्छ, कुर्ग, बिलासपुर, भोपाल, अजमेर, देश के ये शहर और रियासत कभी राज्य हुआ करते थे।राज्य पुनर्गठन आयोगबनने और उसकीसिफारिशों के आधार पर देश के मौजूदा राजनीतिक नक्शे के सामने आने से पहले भारत इन्हीं रियासतों-राज्यों में बंटा था।देश के पहले आम चुनाव से लेकर अबतक 73 साल गुजर चुके हैं। इस बार 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव हो रहा है। इस लंबी अवधि में भारत के राजनीतिक नक्शे में आमूल चूल बदलाव आया है, कि कभी भारत में भोपाल, बॉम्बे, अजमेर और मद्रास राज्य हुआ करते थे। समय के साथ इन राज्यों की पहचान बदल गई और ये राज्य आज दूसरी पहचान के साथ वजूद में हैं। भारत के राजनीतिक मानचित्र पर नए राज्यों का उदय हुआ है। पुराने राज्य आकार में छोटे हो गए हैं। लोकसभा की नई सीटें बनी हैं, तो कई पुरानी सीटों का वजूद ही खत्म हो गया है। यही नहीं चुनाव की प्रक्रिया में भी बदलाव आया है। आजादी के बाद हुए कुछ चुनाव में एक ही लोकसभा सीट से दो-दो सांसद चुने जाते थे। लेकिन सुधार और बदलाव की प्रक्रिया से गुजरता हुआ भारत का लोकतंत्र अब एक सीट से एक ही सांसद पार्लियामेंट भेजता है। 1951 के बाद विंध्य प्रदेश और मध्य भारत को मिलाकर सिर्फ मध्य प्रदेश कर दिया गया। बाद में मध्य प्रदेश से भी अलग कर एक नया राज्य बनाया गया, जो आज छत्तीसगढ़ है। बॉम्बे एक ऐसा राज्य था, जिसमें वर्तमान के गुजरात और महाराष्ट्र की कई लोकसभा सीट थीं। सूरत, बडोदरा, पुणे, जलगांव, सोलापुर, रत्नागिरी, बॉम्बे सिटी (मुंबई), ऐसी कई लोकसभा सीटों को मिलाकर बॉम्बे स्टेट का गठन हुआ था. इस राज्य में कुल 37 लोकसभा सीट हुआ करती थीं. उस वक्त गुजरात और महाराष्ट्र अस्तित्व में नहीं आए थे पंजाब और हिमाचल प्रदेशपीईपीएसयू यानी पटियाला और ईस्ट पंजाब स्टेट्स यूनियन,इस प्रदेश में कुल चार लोकसभा सीट थी, वहीं 1951 के पंजाब में कुल 15 लोकसभा सीट थीं। इस तरह उस वक्त केरल,आंध्र प्रदेश,तमिलनाडु कर्नाटक और तेलंगाना का अस्तित्व ही नहीं था।जब एक सीट से चुने जाते थे दो सांसद आजकल एक सीट से एक ही सांसद का चुनाव होता है। लेकिन जब देश 1951-52 में पहली बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया से गुजरा तो कुछ सीटें ऐसी थीं जहां एक ही सीट से दो सांसद चुनने का प्रावधान था। पहले दो चुनावों तक ये नियम कायम रहा। 1951-52 के चुनाव में कुल 89 लोकसभा सीटों से 2-2 सांसद जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इनमें से एक सांसद जनरल कैटेगरी का था तो दूसरा सांसद अनुसूचित जाति का था। 1957 में जब दूसरी बार लोकसभा चुनाव हुआ तो यहां 91 सीटें ऐसी थी जहां से दो-दो सांसदों का चुनाव हुआ। दरअसल समाज के कमजोर तबके को प्रतिनिधित्व देने के लिए एक सीट पर दो-दो सांसदों का फॉर्मूला अपनाया गया था. इस दौरान एक मतदाता को वो वोटर देने का अधिकार था। तीसरे लोकसभा चुनाव से इस व्यवस्था को बंद कर दिया गया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय चुनाव के उच्चतम मानकों व पारदर्शिता पर पूरी दुनियां में भारत की गूंज भारतीय चुनाव प्रणाली की बारीकियों सर्वोत्तम प्रथाओं का अवलोकन करने,दुनियां के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि पहुंचे।भारतीय चुनाव के सर्वोत्तम परिदृश्य को देखने 23 देशोंके चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 प्रतिनिधियों का भारत आना कद व प्रतिष्ठा में चार चांद लगना है।

## संपादकीय

### धर्म का आधार ही है दया और करुणा

वसुधैव कुटुम्बकम सनातन धर्म की मूल विचारधारा है, जिसका अर्थ है कि यह पूरा विश्व मेरा घर है व सभी में एक ही शक्ति का वास है। धर्म का आधार होता है दया व करुणा। इसके लिए हमारे भीतर ऐसी संवेदनशीलता होनी चाहिए कि यदि कोई व्यक्ति या जानवर तकलीफमें हो तो उसकी पीड़ा का अहसास हमें भी हो।आज यदि सड़क पर कोई एक्सीडेंट हो जाए तो भीड़ लगाने वाले तो सैकड़ों मिलेंगे, वीडियो बनाने वाले भी कई होंगे परंतु उस घायल की मदद करने वाला विरला ही कोई मिलेगा। आज जितनी भी आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, उसका मूल कारण संवेदनशीलता का अभाव है। हर व्यक्ति अपनी ही दुनिया में व्यस्त है जिसकी वजह से वो दूसरों के दुख, दर्द और पीड़ा का अनुभव नहीं कर पाता। हम जितने आधुनिक हो रहे हैं, उतने ही स्वकेंद्रित भी हैं। इन सब से बचने के लिए यह बहुत जरूरी है कि बचपन से ही बधाों में नैतिकता, मानवीयता और संवेदनशीलता के संस्कार विकसित किए जाएं। दुनिया में ऐसे कई महान लोग हुए हैं जिन्होंने अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए लोगों का भला किया एवं दूसरों को भी प्रेरणा दी। फ्लोरेंस नाइटिंगेल,जो कि पेशे से नर्स थीं, रात रात भर जागकर लालटेन के सहारे घायल सैनिकों की सेवा करती थीं। मदर टेरेसा को जहां भी दुखी और बीमार लोग दिखते वे उन्हें अपने आश्रम ले आतीं और तब तक सेवा करतीं जब तक वे बिल्कुल ठीक न हो जाएं। ऐसे ही अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन इंसान तो क्या जानवरों तक से स्नेह रखते थे। एक बार रास्ते में उन्हें एक गड्ढा दिखा जिसमें एक सूअर गिरा हुआ था न तब वे सब कुछ छोड़कर उसकी मदद के लिए आगे आए और उसे उस गड्ढे से निकाला। दूसरों के प्रति दया दिखाने के लिए जरूरी नहीं कि कुछ विशेष किया जाए। ऑफ्सि में आपके किसी जूनियर साथी का पहला दिन हो तो छोटे-मोटे कामों में उसकी मदद करके आप उसे सहज महसूस करा सकते हैं। खाना खाने के बाद टेबल से झूठे बर्तन उठाकर एवं किचन समेट कर पति अपनी पत्नी का सहयोग कर सकते हैं।

# हर कमी पर भारी मुफ्त अनाज

**प्रेम शर्मा**

देश में लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए 191 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो चुका है। पहले 19 फ्रि 26 अप्रैल के बाद 7, 13, 20, 25 मई और अंतिम मतदान 1जून को होना है। मतदान शुरूआती दौर में पूर्व प्रधानमंत्री देवगोड़ा के परिवार के सैक्स स्कैंडल, कोविड वैक्सीन से हार्ट अटेक का मुद्दा और महिला पहलवानों के यौन शोषणा के आरोपी के पुत्र को भाजपा की टिकट मामले ने सत्तारूढ़ पार्टी के लिए अगले पॉच चरणों के चुनाव के लिए कुछ न कुछ समस्या अवश्य खड़ी कर दी। बेरोजगारी, महंगाई, सहित अन्य मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी का घेर रहे विपक्ष ने इन तीन मामलों को लेकर भाजपा पर हमला बोल दिया है। बहरहाल जैसा कि हर चुनाव में होता है कि आमआदमी के मुद्दों से इतर राजनैतिक दलों द्वारा अपनी उपलब्धियों के साथ धुव्रीकरण की रणनीति के तहत वर्ग विशेष पर हमला करके, पुराने छायाचित्र, वीडियों को सोशल मीडिया मे चाय की तरह परोसने से वोटरों का ना चाहते हुए भी उसी के पक्ष में मतदान मजबूरी बन जाता है। सोशल मीडिया के माध्यम से इतने संवेदनशील, भयानक, रूहकंपा देने वाली घटनाएं आम आदमी में विष घोल देती है। इस सबके बावजूद विपक्ष की एकराय राजनीति से दूर होना, अलग अलग विचारधारा पर बहरहाल सत्तारूढ़ भाजपा का देश की आधी से अधिक आबादी को मुफ्त अनाज सभी समस्याओं और आरोप का मुकाबला कर रहा है। यही नही विशेषज्ञों की माने तो मतदान के लिए वास्तव में माध्यम वर्ग 50 प्रतिशत तो उच्च वर्ग 20 प्रतिशत तक ही उत्सुक होता है जबकि मुफ्त अनाज लेने वाले मतदान में 80 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी निभाते है। ऐसे में गर एक बार सभी समस्याओं, आरोपों पर मुफ्त अनाज भारी पड़ता दिखाई पड़ रहा है। पहले चरण के मतदान के बाद ही पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का कुनबा सेक्स स्कैंडल के आरोपों में घिर गया। देवगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना (67) और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना (33) के खिलाफ उनकी मेड (घरेलू सहायिका) ने यौन शोषण की एफ्आईआर दर्ज कराई है। केस हासन के होलेनरासीपुर थाने में दर्ज कराया गया।वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। कर्नाटक महिला आयोग की चेयरपर्सन नागलक्ष्मी चौधरी ने इसे राज्य का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया है।लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रज्वल रेवन्ना वीडियो मामले ने कर्नाटक की राजनीति में भूचाल ला दिया है। उनकी पार्टी ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है। सहयोगी दल बीजेपी और विपक्षी कांग्रेस के दवाब में ऐक्शन लिया।ऐन चुनावों के बीच जिस तरह के संगीन आरोप लगे और विवाद खड़ा हुआ, उसके बाद हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद, इन चुनावों में प्रत्याशी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ की गई जेडीएस की कार्रवाई स्वाभाविक ही कही जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि अगर अभी कर्नाटक में वोटिंग बाकी न होती और विपक्षी कांग्रेस के साथ ही सहयोगी बीजेपी का भी दबाव न होता, तब भी क्या पार्टी नेतृत्व का यही रवैया होता ? मंशा पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि इस मामले की सुगबुगाहट पिछले साल जून से थी। तब प्रज्वल रेवन्ना ने अदालत का रुख किया था। उन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि उनसे जुड़े कुछ फेक विडियो हैं, जिन्हें पब्लिश करने से मीडिया संस्थानों को रोका जाए। कर्नाटक में ठश्रच् का श्रवै के साथ गठबंधन है। हासन के एक स्थानीय ठश्रच् नेता ने आम चुनाव से पहले अपनी पार्टी को इस मामले की जानकारी देते हुए आगाह किया था कि प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना को टिकट नहीं मिलना चाहिए। यह आम बात लगने लगी है - ताकतवर नेता, मजबूर महिलाएं और कमजोरों की अनदेखी करने वाला सिस्टम। हाल के कितने सारे मामले ध्यान में आ जाते हैं। कुछ ही समय पहले ऐसे ही आरोपों के साथ देश के जाने-माने और ओलिपिंक मेडल विनर पहलवान सड़क पर उतरे थे। उन्हें भी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा था। इस मामले में भी केन्द्र सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। इसके बावजूद काफी सोच समझ और कई सीटों पर आरोपी सांसद का दबदबा होने के कारण बृजभूषण शरण सिंह के सबसे छोटे बेटे करण भूषण सिंह को टिकट देकर भाजपा ने संदेश देने की कोशिश की कि यौन उत्पीड़न के आरोपी छह बार के सांसद को टिकट न देकर उसके परिवार के किसी सदस्य को टिकट दिया है। ऐसा इसलिए कि कैसरगंज और आस-पास के इलाकों में उसका प्रभाव कम न हो। इधर पहलवान साक्षी मलिक ने बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण को लोकसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से टिकट दिए जाने पर हमला बोलते हुए कहा कि देश की बेटियां हार गई और बृजभूषण सिंह जीत गया। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए बृजभूषण शरण सिंह को अब तक गिरफ्तार न किए जाने को लेकर भी सवाल खड़े किए। बहरहाल पहले चरण में 21 राज्यों व संघ शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर 66.17 प्रतिशत और दूसरे चरण में 13 राज्यों व संघ शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 66.71 प्रतिशत हुआ है। यह मतदान केन्द्र सरकार की भारी भरकम उपलब्धियों के बावजूद 2019 के मतदान से कम रहा।लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान होने के उपरांत यह और स्पष्ट है कि भाजपा के तमाम प्रत्य्याशी अपनी जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता और छवि पर अधिक आश्रित हैं। उनका अपना कामकाज संतोषजनक नहीं। इसके अलावा स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर उनकी ऐसी पकड़ भी नहीं, जिसके बलबूते वे भाजपा समर्थकों में उत्साह का संचार कर सकें। इस पर आश्चर्य नहीं कि इस बार चुनावों में वैसा उत्साह नहीं दिख रहा, जैसे पिछले आम चुनावों में दिखता था। हालांकि आयोग द्वारा पहले चरण के मतदान डेटा जब 11 दिनों बाद जारी किए तो विपक्ष को शक जतायाि क चुनाव आयोग ने ये आंकड़े जानबूझकर देरी से जारी किए। इसके पीछे कहीं कोई 'खेला' तो नहीं है ? बहरहाल दो चरणों का मतदान संपन्न होने के बाद अब अगले चरण के मतदान के लिए कांग्रेस और बीजेपी राजनीतिक गुणा भाग में जुट गई है।

# भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक



कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं।

खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे। अफ्सोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तो इन सब भारत-विरोधी घटनाओं को रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश की। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार आपत्तिजनक बना, दो देशों के बीच खटास घोलने वाला एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का रहा। जिसे दोनों देशों के राजनयिक पैमाने पर उचित नहीं कहा जा सकता। इस तरह कनाडा अपने देश की राजनीतिक जरूरतों के चलते भारत के साथ अपने रिश्ते इस मोड़ पर ले आया हैं, जहां उनके बीच विश्वास, भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं। सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ भारत एवं कनाडा के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है।निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फ्ल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। कनाडा की धरती पर हर किस्म के खालिस्तानी चरमपंथी ही नहीं पल रहे हैं बल्कि वहां भारत से भागे गैंगस्टर और नशे के तस्कर भी शरण पा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में भारत ने कनाडा को जो खरी-खोटी सुनाई, वह इसलिए आवश्यक थी, क्योंकि वहां की ट्रूडो सरकार अपने भारत विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। वह जिस तरह खालिस्तानी अतिवादियों को संरक्षण दे रही है, उसकी मिसाल यदि कहीं और मिलती है तो वह पाकिस्तान में। कनाडा अपने भारत विरोधी रवैये के कारण पाकिस्तान सरीखा बनता जा रहा है। कनाडा अपने हितैषी एवं पडोसी देशों से दूरियां बना रहा है। खालिस्तान समर्थन एवं प्रोत्साहन के चलते कनाडा में फ्लिहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। अपने देश के साथ दुनियाभर में वह आलोचकों के निशाने पर हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर नियंत्रण रखने में कथित नाकामी के चलते ट्रुडो को अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

इसी के चलते जी-20 बैठक में उन्हें भारत और सदस्य देशों का 'ठंडा' रिस्पांस मिला। भारत में खास अहमियत नहीं मिलने से खिसियाए ट्रुडो को कनाडा के मीडिया ने भी आड़े हाथ लिया है। ट्रुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए ट्रुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि भारत अब दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। कनाडाई में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात और व्यापार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का असर यहां की इकोनॉमी पर पड़ रहा है। भारत की नाराजगी बेवजह नहीं है, क्योंकि कनाडा भारत के विरोध में लगातार सक्रिय हैं, कनाडा ने ही किसानों के आंदोलन के समर्थन में अतिश्योक्तिपूर्ण सहयोग होने दिया। जबकि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव और आपसी भरोसा रहना जरूरी है। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठे थे। लेकिन अमेरिका ने इस मसले पर सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय भारत सरकार से सीधी बातचीत की। भारत ने भी अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के खटास का माध्यम नहीं बनने दिया। जांच के निष्कर्षों को दोनों देशों ने स्वीकार किया एवं बेवजह का विवाद खड़ा नहीं होने दिया। कनाडा को भी अमेरिका से कुछ सीखना चाहिए एवं निज्जर हत्याकांड में भारत की अगर कोई भूमिका है तो उसके सबूत भारत सरकार को देने चाहिए। कोरे आरोप लगाकर आपसी संबंधों को बिगाड़ने से परहेज करना चाहिए। अपनी भूमि का उपयोग भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों के लिये कत्तई नहीं करने देना चाहिए। बात कनाड़ा के साथ-साथ अन्य देशों पर भी लागू होती है जो अपने राजनीतिक हितों के लिये खालिस्तान समर्थक या अन्य भारत विरोधी आन्दोलनों को जगह देते हैं, लेकिन इन देशों ने भी समझा है और समझना ही होगा कि किसी देश के अन्दरूनी मामलों में दखलअंदाजी करना उनके लिये ही हानिकारक होने वाला है। भारत अब एक महाशक्ति है, कनाड़ा जैसे देशों की भारत-विरोधी गतिविधियों से भारत की सेहत पर कोई असर नहीं पडेगा।

## आज का राशिफल

**मेष**:- किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**बृषभ** :- पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मिथुन** :- भावनाओं पर नियंतणरख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क** :- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह** :- किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या**:- नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला**:- कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक**:- पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**धनु**:- रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर**:- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ**:- भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्नक विचार ला सकती हैं।

**मीन**:- भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

## गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के लिए भूसा दान करने वालों को प्रसस्ति पत्र देकर जिलाधिकारी करेंगे सम्मानित



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता**

गाजियाबाद - 5000 से अधिक गोवंश गोआश्रय स्थलों में संरक्षित किए गए जिनके लिए वर्ष भर के लिए भूसे की आवश्यकता है । गोवंश के लिए 22452 कुंतल भूसा दान में प्राप्त करने का शासन द्वारा लक्ष्य दिया गया है। अब तक 173 कुंतल भूसा दान में प्राप्त हो गया है। शासन के निर्देशानुसार निराश्रित गोवंश के लिए भूसा दान करने वाले किसानों, दानदाताओं, गोवंश के श्रद्धालुओं, अन्य संस्थाओं को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी तथा नगर पंचायत / नगर पालिका परिषद स्तर पर अधिशासी अधिकारी भूसा संग्रह का कार्य करा रहे हैं। उप जिलाधिकारी तहसीलदार भूसा संग्रह की मॉनीटरिंग कर रहे हैं । जिलाधिकारी द्वारा सभी किसानों दान दाताओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक मात्रा में गोवंश के लिए भूसा दान करें। तथा अधिक जानकारी के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी पांडे के मोबाइल नंबर 9412313943 पर संपर्क करें ।

## क्षेत्र में पूजा शुक्ला के साथ जनसंपर्क में मा. नरेन्द्र सिंह जादौन विधायक



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता जालौन**

कुठौंद जालौन - क्षेत्र की मातृ शक्ति की शान भाजपा नेत्री पूजा शुक्ला व भाजपा पदाधिकारियों के साथ मा. नरेन्द्र सिंह जादौन विधायक जी के साथ नगर में जन सम्पर्क कर भाजपा सांसद प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा जी के चुनाव निशान कमल के फूल की बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजई बनाने के लिए अपील की गई, जानता द्वारा क्षेत्र में भाजपा सरकार में कराये गए कार्यों और मा. नरेंद्र सिंह विधायक जी व जनप्रिय पूजा शुक्ला भाजपा नेत्री सर्व समाज में गरीब किसानों के सुख दुःख में सदैव साथ देने के लिऐ खड़ी रहती है जनमानस लोगों ने दोनों जन सेविको का सम्मान (स्वागत) कर बहुत-बहुत सरहना की गई, वहीं लक्ष्मी गार्डन गेस्ट हाउस में मण्डल की बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व मा. विधायक कालपी , पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नरेंद्र सिंह जादौन जी, कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह सेंगर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई , बैठक में जिला मंत्री लक्ष्मीकांत, जिला पंचायत सदस्य अनुरुद्ध दुवे,देवेंद्र चतुर्वेदी, पूजा शुक्ला,अमेय पाण्डेय,अनिल सेंगर (अन्नी नेता),हेमू, अमित गुप्ता, अनिल पाल, अनुराग मिश्रा, राजू भाईसहाब शक्ति केंद्र प्रभारी गण, शक्ति केंद्र संयोजक गण, मोर्चो के मण्डल अध्यक्ष गण बूथ अध्यक्ष, सभी सम्मानित कार्यकर्ता बंधु उपास्थित रहे !

## चुनाव को त्यौहार समझकर उत्साहपूर्वक मतदान अवश्य करें

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता जालौन**



माधौगढ़ जालौन - अखिल भारतीय साहित्य परिषद (कानपुर-बुंदेलखंड प्रांत) द्वारा मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सुदृढ़ लोकतंत्र की स्थापना व लोक कल्याणकारी सरकार बनाने के लिए मतदान की अनिवार्यतः पर वल दिया गया। जनपद जालौन के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पंचनद संगम के श्री बाबा साहब मंदिर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद (कानपुर-बुंदेलखंड प्रांत) द्वारा मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध समाजसेविका चेतना शर्मा , भीमसेन यादव मौखरी , महेश पांडे (से.नि. इंजीनियर) उरई , विजय द्विवेदी जगम्मनपुर ने ग्राम कंजौसा की दर्जनों महिलाओं व पुरुषों की उपस्थिति में मतदान के महत्व व इसकी अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चेतना शर्मा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र को बहाल रखने के लिए संविधान में वोट डालने के मिले अधिकार को बेकार न जाने दें, मतदान करके अपना मन मुताबिक अच्छा जनप्रतिनिधि चुने। इंजीनियर महेश पांडे ने ब्रिटिश काल के अत्याचारों की याद दिलाते हुए कहा कि बहुत कुर्बानियों के बाद मिली आजादी में प्राप्त मतदान का अधिकार लोकतंत्र का सबसे बड़ा संवैधानिक हथियार है इसका प्रयोग अवश्य करें । भीमसिंह यादव मौखरी में कहा कि इस पवित्र स्थल से संकल्प लें कि आगामी 20 मई को हमारा कितना भी काम खराब होता हो लेकिन सबसे पहले हम मतदान अवश्य करेंगे । विजय द्विवेदी जगम्मनपुर ने कहा कि लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा पर्व चुनाव हैं जिस प्रकार लोग किसी भी त्योहार को बहुत उत्साह से मनाते हैं उसी प्रकार हम सब लोग बहुत उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़ कर मतदान के दिन अमूल्य वोट डालकर लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के भागीदारी अवश्य बनेंगे । इस अवसर पर श्री बाबासाहब मंदिर पंचनद धाम के महंत सुमेरवन, महेश यादव कोटेदार भिटौरा , प्रज्ञादीप गौतम प्रधान जगम्मनपुर, पंकज , अजय श्रीवास सहित ग्राम कंजौसा व आसपास के अनेक लोग व महिलाएं उपस्थित थी।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्य कारीणी घोषित

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता**

पटौदी - पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से पटौदी निवासी डॉ.राजू खान पर दोबारा विश्वास जताते हुए भाजपा प्रदेश आला कमान ने प्रदेश अल्पसंख्यक



मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। पटौदी के रहने वाले समाजसेवी गुलजार खान को भी प्रदेश कार्यकारिणी में जगह दी गई है। इस अवसर पर डॉ.खान ने कहा कई वर्षों से भाजपा संगठन से जुड़कर भाजपा की रीति नीति और विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कई वर्षों से बखूबी काम कर रहे है। डॉ.खान ने कहा की लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत भारी बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त करने पर माननीय मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता, जिला अध्यक्ष कमल यादव, अल्पसंख्यक प्रदेश महामंत्री एडवोकेट सिकंदर सलमानी, वरिष्ठ भाजपा मुस्लिम नेता व अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष शादाब अली नकवी, वरिष्ठ भाजपा नेता कल्याण सिंह चौहान, गुरुग्राम लोकसभा सहसंयोजक सुमन दहिया सहित प्रदेश व केंद्र आला भाजपा हाई कमान का आभार व्यक्त किया है।

# जनता जनार्दन ही है मेरा परिवार व मेरा वारिस : नरेंद्र मोदी





**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर – धौरहरा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली हरगांव विधान सभा के कस्बा हरगांव में चीनी मिल हरगांव के लैगून फील्ड में अपने निर्धारित समय से आधा घंटा विलंब से पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को सम्बोधित किया।जनसभा में बोलते हुए, सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अट्ठासी हजार ऋषियों की तपस्थली नैमिषारण्य को प्रणाम किया और जन अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि सीतापुर की इस पावन भूमि पर मैं जनता जनार्दन से आशीर्वाद मांगने आया हूं उन्होंने बताया की जनता ईश्वर का रूप होती है और ईश्वर को सच्चा अभिवादन करने से ईश्वर अपना आशीर्वाद जरूर देता है। तत्पश्चात जनसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज वादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इंडी गठबंधन में शामिल सपा और कांग्रेस को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि जब उत्तर प्रदेश में सपा और उनके गठबंधन की सरकार थी तब गन्ना किसानों को उनका भुगतान नहीं मिल पाता था लंबे समय तक किसान अपने भुगतान के लिए परेशान रहता था लेकिन उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद किसान को समय पर पेमेंट मिल रहा है जिससे किसान के जीवन में खुशहाली आई है प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि भाजपा सरकार गन्ने के साथ–साथ गन्ने की खोई से बनने वाले एथेनॉल का निर्माण करके किसान को दुगना फायदा पहुंचा रही है। प्रधानमंत्री ने आगे बताया कि मेरा अपना कोई परिवार नहीं है देश की जनता ही मेरा परिवार है और मैं अपने परिवार के लिए दिन–रात कार्य कर रहा हूं जनता ही मेरी वारिश है। उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी जनता का धन लूटकर अपने वोट बैंक को बांटना चाहती है जो मोदी के रहते कभी संभव नहीं है मैं दिन-रात इसलिए कार्य कर रहा हूं जिससे मेरा परिवार सदैव खुशहाल रहे समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा की सरकार में पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के हाथ पांव बांध दिए गए थे जिससे वह आतंकियों पर कार्यवाही नहीं कर पाते थे । लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आतंकवाद का सफाया हो चुका है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धौरहरा सांसद एवं प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा सीतापुर सांसद/प्रत्याशी राजेशवर्मा लखीमपुर खीरी सांसद/प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी को कमल निशान पर वोट देकर भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की। तुष्टिकरण पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया की समाजवादी पार्टी व कांग्रेस वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण के किसी भी पायदान पर जा सकते हैं कर्नाटक का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ओबीसी का आरक्षण काट के मुसलमानों को देने जा रही है यदि गठबंधन की सरकार बनी तो ओबीसी के हक लूट लिया जाएगा।उन्होंने आगे बताया कि जब तक नरेंद्र मोदी जिंदा है तब तक वह एससी एस टी ओबीसी के आरक्षण पर कोई डाका नहीं पड़ने देगा।प्रधानमंत्री मोदी ने बताया जब तक मोदी जिंदा है धर्म के आधार पर आरक्षण का बंटवारा नहीं होने देगा अन्त में सीतापुर लखीमपुर में आगामी कार्यकाल में बड़े विकास करने की बात कहते हुए प्रधानमंत्री ने वोट प्रतिशत को बढ़ाने की भी अपील की। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया तो वहीं नारी शक्ति द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर प्रधान मंत्री को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी जनसभा को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धौरहरा सांसद एवं प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा सीतापुर सदर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी राजेश वर्मा लखीमपुर खीरी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी,मंत्री जेपी एस राठौर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही जिला प्रभारी नीरज सिंह लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू लखीमपुर विधायक योगेश वर्मा श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के अलावा स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय मिश्र पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेम सुंदर अवस्थी भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री उदित बाजपेई सुनील मिश्र बब्बू जिला प्रतिनिधि सुनील त्रिपाठी बब्बू के अलावा मंडल अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए कामधेनु गौशाला में समाजसेवी सिद्धार्थ गुप्ता ने लगवाए पंखे

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर – भीषण गर्मी में लोग पशु पक्षी एवं आम जनमानस के लिए शीतल पेयजल आदि की व्यवस्था करते हैं वही कुछ सहृदय लोग पशु पक्षियों के अलावा गौवंशों को भी राहत पहुंचाने में पीछे नहीं हैं। जिले के विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत बर्मी में स्थित कामधेनु गौ आश्रय केन्द्र में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए गौशाले में रह रहे जानवरों के लिए मिश्रिख ब्लॉक के एक समाज सेवी सिद्धार्थ गुप्ता ने गौशाले में पंखे लगवाकर राहत पहुंचाने का कार्य किया है। बताते हैं कि विकास खण्ड मिश्रिख क्षेत्र में तकनीकी सहायक मनरेगा के पद पर कार्यरत रह चुके स्व. चक्र प्रताप गुप्ता के पुत्र सिद्धार्थ गुप्ता ने चार पंखे लगवाए।गौशाले में लगाए गए पंखों से जानवरों को गर्मी में बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान आरती देवी,रोजगार सेवक अमित कश्यप सहित गांव के कई संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

# चुनाव आचार संहिता का नाजायज फायदा उठा रहे हैं पुलिसकर्मी– एम आर पाशा

❑ लोकप्रिय व न्याय प्रिय एसपी नीरज कुमार जादौन के आदेशों को नकार रहे हैं पुलिसकर्मी



**तीसरा विकल्प न्यूज़ लखनऊ ब्यूरो**

बिजनौर – राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन संस्थापक / राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने थानों में आम जनता की सुनवाई न होने एवं थाना प्रभारी से लेकर अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन न करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने लोकप्रिय व न्याय प्रिय एसपी नीरज कुमार जादौन की प्रशासा करते हुए कहा कि जब से जनपद बिजनौर में आए हैं। जब से जनपद की कानून व्यवस्था व लॉ एंड ऑर्डर काबू किया। और कुछ भ्रष्ट अधिकारीयों को भी जेल भेजा है। लेकिन जब से चुनाव आचार संहिता लागू हुई है। तब से थाने के थाना प्रभारी,एस आई व पुलिसकर्मी चुनाव आचार संहिता का नाजायज़ फायदा उठा रहे हैं। और उनके आदेशों को नकार रहे हैं।? और थानों में पीड़ित जनता की सुनवाई न होने एवं थाना प्रभारी से लेकर अन्य पुलिस कर्मियों पर निरंकुश होने का गंभीर आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से आम जनता परेशान है। फरियादियों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्हें थानों में परेशान करते हुए चक्कर लगवाए जा रहे हैं। पुलिस कर्मियों का कहना है कि चुनाव आचार संहिता में वह अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। उन्हें जो अच्छा लगेगा वह किया जाएगा। क?ई पुलिसकर्मियों तो यहां तक कहते हैं कि उनका ट्रांसफर कोई भी नहीं कर पाएगा और आचार संहिता हटने के बाद ट्रांसफर करने वाले अधिकारियों का खुद ट्रांसफर हो जाएगा। पाशा ने क?ई प्रकरणों का हवाला देते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद उन पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि मौजूदा दौर में आम जनता बेहद परेशान है। वह थानों के चक्कर लगाते हुए थक रही है। पि?डितो की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की जा रही है। पुलिसकर्मी आरोपियों से हमसाज हो जाते हैं। वह अपना फायदा देखते हुए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भ्रष्टाचारी एवं लापरवाहों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका संगठन आंदोलन के लिए तैयार है। उन्होंने विकलांगों, बुजुर्गों व विधवाओं से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

## बस में सफर के दौरान महिला के सोने के कंगन चोरी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता**

जलगांव – इगतपुरी चोपड़ा बस से दो महिलाओं के हाथों से 54 ग्राम वजनी दो सोने के कंगन अज्ञात चोरों द्वारा चुराने का मामला सामने आया है। घटना वीरवार, 2 मई को दोपहर करीब 1ः 30 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक चोपड़ा तहसील के वर्डी गांव निवासी भारती राजेंद्र धनगर और उनकी देवरानी भारती दीपक धनगर 2 मई को इगतपुरी चोपड़ा बस में यात्रा कर रहे थे। जब कंडक्टर टिकट चेक कर रहा था तब उन्हें कुछ एहसास हुआ कि 62 हजार मूल्य की 24 ग्राम की सोने के कंगन एक अज्ञात चोर ने चुरा ली है। दोनों महिलाएं सफर के बाद घर चली गयी। बाद में जब महिला अमलनेर बस स्टैंड पर पूछताछ करने आई तो उसने बताया कि लासूर (चोपड़ा) की महिला पुष्पा अरुण देसले के हाथ से 90 हजार रुपए कीमत की 30 ग्राम की सोने की चूड़ी भी चोरी हो गई है। भारती धनगर ने अमलनेर पुलिस स्टेशन में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जांच पुलिस उपनिरीक्षक भगवान सिरसाठ कर रहे है।

# तहसील माधौगढ़ में भ्रष्टाचारियों का बोल बाला

➢ रजिस्टर्ड वसीयत के होते हुए कानून गो तथा लेखपाल ने कर दिया विरासतन आदेश

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता जालौन**





माधौगढ़ जालौन – तहसील माधौगढ़ जनपद जालौन थाना कुठौंद के अंतर्गत ग्राम चंदावली निवासिनी श्रीमती गुड्डीदेवी पत्नी बसंतलाल के देवर बृज बिहारी तिवारी पुत्र रसिकलाल निवासी चंदावली तहसील माधौगढ़ जिला जालौन के द्वारा दिनांक 21/ 5 /2022 को रजिस्टार माधौगढ़ के यहां एक वसियत रजिस्टर्ड की गई जिसमें प्रार्थिनी के पुत्र रौनक तिवारी उम्र 9 वर्ष व अभिषेक तिवारी उम्र 4 वर्ष व संरक्षिका गुड्डी देवी पत्नी बसंत लाल के नाम की गई थी! इसके बाद प्रार्थनी के देवर बृज बिहारी की तबीयत बिगड़ गई जिसका इलाज जिनका काफी इलाज करने के बावजूद गंभीर बीमारी हो जाने के कारण अपने देवर को नहीं बचा सकी तथा उनकी मृत्यु दिनांक 26 /11 /2022 को हो गई थी! इसके बाद प्रार्थनी ने वसीयत के आधार पर उक्त चल अचल संपत्ति की जिसकी देखभाल कर रही था! जिसका मुकदमा तहसीलदार के यहां दाखिल खारिज के बाबत दिनांक 15 /1/ 2023 को वाद दाखिल किया इसके बाद वादिनी के अस्वस्थ होने के कारण मुकदमे की पैरवी भी नहीं कर सकी वादिनी की अनुपस्थिति में वाद की नियत तिथि 16/ 2 /2023 को उपस्थित न होने पर उसकी अनुपस्थिति में निस्तारण कर मुकदमा खारिज कर दिया गया! इसके बाद वादिनी को मुकदमे संबंधी जानकारी 25/4/2024 को हुई तब उसने तहसीलदार माधौगढ़ के यहां 26 /4./2024 को प्रार्थना पत्र दिया तब वादिनी को जानकारी हुई की वादिनी के पति के दो सगे भाई नाथूराम व प्रदीप ने लेखपाल व कानूनगो से सांठ– गांठ करके तीनों लोगों ने अपने नाम दिनांक 13/ 4/ 2024 को विरासतन दर्ज का आदेश कर दिया जिसमें लेखपाल स्वतंत्र देव तथा कानूनगो ओम नारायण ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचारी में लिप्त होकर फर्जी तरीके से उक्त तीनों लोगों के नाम दाखिल खारिज कर दिया गया है !जो कानून के विरुद्ध है ! और न्याय संगत नहीं है! क्योंकि रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर रौनक तिवारी व अभिषेक तिवारी के नाम दाखिल खारिज किया जाना था लेकिन भ्रष्टाचारियों के चलते लेखपाल तथा कानून ने आखिर अपना षड्यंत्र काबिज कर ही दिया ! यदि कानून के ठेकेदारों का इस तरह का रवैया बना रहा तो जनता का कानून से भरोसा उठ जाएगा इसलिए इस मामले के संबंध में जिलाधिकारी महोदय को प्रार्थना पत्र देकर तथा समाचार पत्र के माध्यम से वादनी के द्वारा शासन तथा प्रशासन से पुरजोर अपील करते हुए मांग करती है की मेरी रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर ही दाखिल खारिज का आदेश किया जाए और प्रथम आदेश भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर किया गया है जिसको निरस्त किया जाए! तभी आला अधिकारियों द्वारा दिया गया न्याय हित में माना जाएगा!

## ग्राम पंचायत हार शंकरपुर में दबंगों द्वारा किया गया तालाब की जगह पर कब्जा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता जालौन**

कुठौद जालौन - तहसील जालौन में विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत ग्राम पंचायत हार शंकरपुर के तालाब में किनारे पर बने हुए मकान मालिकों ने अपने मनमर्जी के अनुसार बीच गांव में तालाब की शोभा को तहस-नहस कर दिया पूरे तालाब की जगह पर कब्जा कर लिया गया है! जिस पर विगत वर्षों से चल रही अतिक्रमण की कार्यवाही पर पूर्व में रहे तहसीलदार बलराम गुप्ता के द्वारा नाप तोल (पैमाईस)हेतु टीम का गठन किया गया इसके बावजूद भी गठित टीम ने कबजेदारों से सांठ गांठ करके फिजूल की जहमत दिखाते हुए हवा हवाई नापतोल कर दी गई जिसमें तालाब का रकवा पूर्ण बताया गया! जबकि सत्यता यह है की प्रथम



दृष्टिगत को लेते हुए लेखपाल द्वारा जो नाप की गई थी उसमें तालाब पर अतिक्रमण किए जाने के लिए तहसीलदार महोदय को आख्या प्रस्तुत की गई थी इसके बाद कब्जेदारों ने अपनी चहल कदमी के बादौलत प्रथम रिपोर्ट को तब्दील कराकर अपने पक्ष में आख्या प्रस्तुत करा ली हैं ! आखिर ऐसा क्यों हो रहा है की आला अधिकारी गांधारी जैसी आंखों में पट्टी चढ़ाए बैठे रहते हैं! इसका मतलब यह समझा जाए की राजस्व कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त होना प्रतीत होता हैं! इस तालाब से कभी भी किसी प्रकार की दशा में यदि आग लगने जैसी घटना का हादसा होता है तो इसमें हर हमेशा पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहता है जिससे पानी के लिए ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की जहमत नहीं लेनी पड़ती है ! गांव में पालतू पशुओं को भी इस तालाब से राहत मिलती है और पशु पक्षी भी अपना जल संचय कर सकते हैं !और आग लगने जैसी घटनाओं को लेकर फायर ब्रिगेड मशीन को भी इससे काफी सुविधा प्रदान हो जाती हैं! गत वर्ष में अचानक 6 घरों में आग लगने से काफी नुकसान हुआ था! यदि तालाब ना होता तो फायर ब्रिगेड मशीन पानी कहां से लाती और आग अपना विकराल रूप करके पूरे गांव को राख में तब्दील कर देती! इसलिए तालाब की जगह को जिला अधिकारी अपने संज्ञान में लेकर तहसीलदार जालौन को इस संबंध में आदेशित करें की तालाब की जगह अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई जा सके और ग्राम पंचायत द्वारा इसका जीर्णोधार तथा सौंदीय करण के रूप में तालाब का काया कल्प कराया जा सके!

# राजा टोडरमल स्मारक समिति की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

➲ नव नियुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी ने टोडरमल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर – नव नियुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी ने उपस्थित पदाधिकारियों के साथ टोडरमल की प्रतिमा पर सम्मान पूर्वक माल्यार्पण किया। राजा टोडर मल स्मारक समिति ,राजस्व सुरक्षा सेवादल की मासिक बैठक



राजा टोडरमल पार्क स्थित कलेक्ट्रेट कचेहरी सीतापुर मे संपन्न की गई।मासिक बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवनाथ मिश्र के द्वारा की गई। बैठक में संगठन के बिस्तार पर चर्चा की गई ,राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संजयपुरी ने मासिक बैठक में कहा राजा टोडरमल पार्क में बंद पड़ी लाइब्रेरी को प्रशासन के द्वारा अभी तक खाली नहीं कराया गया और पार्क के अन्दर से निकला गंदा नाला खुला पड़ा हुआ है। उसके ऊपर पत्थर नहीं डलवाए गए है जनहित की समस्याओं को देखते हुए कई बार अधिकारियों को लिखित में प्रार्थना पत्र भी दिया गया। जिम्मेदार अधिकारियों की तरफ से कोई भी कार्य पूरा नहीं किया गया।मासिक बैठक में नव नियुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी ने कहा सीतापुर जिले के लहरपुर के राजापुर गांव में जन्मे राजा टोडरमल ने पूरे भारत की भू पैमाई में अपनी महती भूमिका निभाई थी। जो बहुत ही गौरव की बात है,उन्होंने संपूर्ण जीवन भू पैमाइश प्रणाली में लगा दिया था। उनका पार्क आज विकास से कोसों दूर है । बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी ने कहा कि राजा टोडरमल स्मारक समिति संस्था से हमारा काफी दिनों से लगाव है,और हम साथ में जुड़े हैं हमसे जो संभव होगा वह प्रयास करता रहूंगा। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद संगठन के पदाधिकारियों सहित जिलाधिकारी से मिलकर बंद पड़ी लाइब्रेरी व पार्क के सौन्दर्यीकरण कराने के लिए जिलाधिकारी से मांग करूंगा।बैठक में राजा टोडरमल स्मारक समिति के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय पुरी,बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी,जिला अध्यक्ष शिवनाथ मिश्रा,नगर प्रभारी खिलाड़ी शाह,किसान वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष/ मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार राव, एड.अरुण कुमार राज,बी एल सिंह,एड.पंकज सैनी,एड.नीलम सिंह गोड,एड.रामचंद्र एड. बनवारी लाल सैनी ,ललित कुमार,एड. रूपेंद्र मिश्र,एड. विष्णु प्रताप सिंह,जितेन्द्र कुमार अख्तर, अंकित जायसवाल युसूफ सहित गणमान्य उपस्थित स्थित रहे।

# संगनियो को माध्यम बनाकर आशा बहुओ से की जा रही अवैध वसूली

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर – जिले के विकासखंड महमूदाबाद के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा बहू से अवैध रूप से वसूली संगिनियों के माध्यम से किए जाने का सनसनीखेज मामला संज्ञान में आया है। जानकारी के अनुसार जिले के तहसील महमूदाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में कार्यरत आशा बहुओं से संगिनियों के माध्यम से अवैध वसूली स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात जिम्मेदारों के द्वारा की जा रही है। वसूली की कोई निर्धारित दर नहीं है किसी आशा बहू से चार हजार रुपए किसी से साढ़े पांच हजार रुपए तो किसी से सात हजार रुपये की वसूली की जा रही है। आखिर यह वसूली क्यों और किसके संरक्षण में की जा रही है लोगों की समझ से परे है। एक तरफ तो देश एवं प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है तो वही कुछ भृष्टाचारी अधिकारी सरकार की मंशा पर पानी फेरने का काम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बताया गया जिन आशा बहू के द्वारा वसूली का विरोध किया जाता है तो उन्हें अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुहर दस्तखत से दंडात्मक कार्यवाही की नोटिस जारी की जा रही है। इस नोटिस में अलग–अलग तरीके के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र के दमनात्मक रवैए को लेकर आशा बहुओं में हड़कंप मच गया है और उनमें आक्रोश व्याप्त हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक जनपद सीतापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महमूदाबाद में तैनात आशाबहुओं से अवैध वसूली का धंधा बहुत जोरों पर चल रहा है, अवैध वसूली न देने पर सीएचसी अधीक्षक महमूदाबाद के नाम से लगी हुई मुहर कुछ आशाबहुओं को नोटिस भेजी गई है, सूत्रों की मानें तो सीनियर अफसरों ने अवैध वसूली के लिए संगिनियों को शामिल करके इन्ही के माध्यम से वसूली कराई जा रही है। अब सवाल यह उठता है कि क्या योगीराज में आशाबहुओं से अवैध वसूली संगिनियों के माध्यम से कराई जाती रहेगी? इस अवैध वसूली को लेकर जब मीडिया के लोगों ने सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी हेतु फोन कर सवाल पूछा तो वह अधिकारी उचित जवाब न देकर बताया कि हम भी मीडिया से जुड़े हैं और बी पी सी एम की पोस्ट के तहत मै नौकरी भी कर रहे हैं तथा एक सौ बीघा जमीन मेरे पास है। जिले में जितने भी पत्रकार हैं उसमें अस्सी प्रतिशत मेरे दोस्त हैं। ज्यादा पत्रकारिता करोगे तो आपके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दूंगा इसके बावजूद भी आपको जो लिखना हो लिखो। और मुकदमा झेलने के लिए तैयार रहो। हां धमकी जरूर दी लेकिन पूछे गए सवाल का जवाब देना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के जिम्मेदारों ने उचित नहीं समझा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा बहुओं से जारी वसूली को लेकर अभ्रष्टाचार से दूर रहने वाले आम जनमानस के लोग चाहते हैं कि इस संपूर्ण मामले की बिधि व्यवस्था के तहत उच्चाधिकारियों से जांच करवा ली जाये ताकि भृष्टाचार करने वाले अधिकारी या कर्मचारी की पर्त दर पर्त खुल जाये। लोगों की सोच है कि क्या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महमूदाबाद में आशा बहुओं से की जा रही वसूली की न्यायिक जांच कराने के बाद क्या बाबा जी का कानूनी डण्डा भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे ऐसे अधिकारियों पर क्या कानूनी डंडा चलेगा। या या यूं ही लीपा पोती करके भ्रष्टाचार में डूबे अधिकारी अपनी तिजोरी भरने में कामयाब होते रहेंगे। क्या ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है।

# एकजुट हो फिर मोदी सरकार बनाने को नारी शक्ति ने भरी हुंकार

लखनऊ। मोहनलालगंज लोकसभा अंतर्गत विधानसभा मोहनलालगंज स्थित एक रिसोर्ट में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से लोकसभा स्तरीय महिला मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवम भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम व विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री एवम् लोकसभा प्रत्याशी कौशल किशोर भी उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कदम उठाए हैं।भाजपा ने महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रख उज्जवला योजना की शुरूआत की,2014 और 2017 से पहले की सरकारों की बदहाल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम किया।गुंडों माफियाओं और रोड साइड रोमियो को जेल पहुंचाने का काम किया और भयमुक्त वातावरण का निर्माण किया।नतीजा बहन बेंटियां बिना डरे घर से बाहर निकल रही है।

### महिला सम्मेलन में एक बुजुर्ग महिला कौशल को ढूंढते हुए स्टेज पर पंहुच गई

उन्होंने कहा कि भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं से महिला उद्यमियों को बढ़ावा दिया।कहा कि हमारी नारिशक्ति ने मोदी जी पर अपना विश्वास जता कर एक बार फिर से केंद्र में भाजपा सरकार का गठन करने का जो संकल्प लिया है वह अवश्य पूरा होगा।

वहीं भारी संख्या में उपस्थित नारी शक्ति का अभिवादन करते हुए सांसद प्रत्यासी कौशल किशोर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने नारी शक्ति को सशक्त करने का कार्य किया है। उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन देकर आधी आबादी को धुएं से निजात दिलाया है एवम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर के रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करे महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का कार्य मोदी जी कर रहे हैं। यह चुनाव देश को विकसित भारत बनाने का चुनाव है। अतः सभी माताएँ बहनें एकजुट होकर के भाजपा सरकार बनाने हेतु आगामी 20 मई को कमल के फूल पर वोट देने का कार्य करें और सभी को इसके लिए प्रेरित करें जिससे देश का सम्मान विश्वपटल पर बढ़ता रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत,जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अंजू रस्तोगी, लोकसभा प्रभारी महिला मोर्चा साधना जग्गी,लोकसभा संयोजक महिला मोर्चा सरोज सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सत्यम पांडेय,ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओमप्रकाश शुक्ला,ब्लॉक प्रमुख गोसाई गंज विनय वर्मा, कार्यक्रम संयोजक डॉली सिंह ,जिला महामंत्री महिला मोर्चा प्रतिभा वर्मा,डॉ समता बाफिला एवम् भारतीय जनता पार्टी एवम महिला मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी व हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



# इविवि : लगातार पांच बार की टॉपर को रखा पदकों से वंचित

## पीएमओ के हस्तक्षेप से मिले चार स्वर्ण पदक

प्रयागराज। निष्ठा मिश्रा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट पूर्व छात्रा हैं, जिन्होंने स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों में टॉप किया था। लेकिन उन्हें इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अपने पदक जारी कराने के लिए राष्ट्रपति के शिकायत कक्ष से न्याय की गुहार लगानी पड़ी। उन्होंने 2011 की स्नातक परीक्षा में नामांकित सभी तीन विषयों में टॉप किया था और उन्होंने 2013 में अंग्रेजी साहित्य परीक्षा में पोस्ट ग्रेजुएशन में भी टॉप किया था। वह लगातार 5 वर्षों तक अपने सभी विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रही। उनकी तमाम उपलब्धियों के बावजूद, उन्हें 13 वर्षों तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा उनके पदकों से वंचित रखा गया।

शनिवार को प्रधान मंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन ने 13 वर्षों के बाद अंततः स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों परीक्षाओं में लगातार 5 वर्षों तक मेरिट के क्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उन्हें 4 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। यह लड़ाई तब शुरू हुई जब तीन से चार अलग-अलग कुलपतियों के बदलने के कारण विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया कि जब दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है तो केवल उन सत्रों में टॉप करने वालों को ही पदक दिया जाना चाहिए। जबकि बाकी अन्य लोगों को प्रमाण पत्र से ही संतोष करना चाहिए। इन पदकों को विश्वविद्यालय द्वारा वित्त पोषित नहीं किया गया था और ये निजी पदक थे।

जिन्हें उन लोगों द्वारा वित्त पोषित किया गया था, जिन्होंने आधी सदी से भी पहले, ज्यादातर आजादी के समय या उससे पहले, इनके लिए धन का योगदान दिया था। निष्ठा ने तर्क दिया कि चूंकि ये पदक हाल ही में 2021 में आयोजित दीक्षांत समारोह में दिए गए थे, इसका मतलब है कि इन पदकों के लिए धन उपलब्ध है।

### ज्वैलरी शॉप से सोने की चार लॉकेट लेकर फरार

प्रयागराज। नैनी कोतवाली के काजीपुर मोहल्ले में शनिवार देर शाम ज्वैलरी है दुकान पर आभूषण लेने पहुंचे टप्पेबाज ने लॉकेट देखने के बहाने सोने की चार लॉकेट लेकर भाग निकला। जब तक दुकान मालिक ने शोर मचाया तब तक वह अपने साथी की बाईक पर बैठकर फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर टप्पेबाजो की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक करैलाबाग के रहने वाले त्रिभुवन नाथ सोनी की नैनी काजीपुर में ज्वैलरी की दुकान है।

वह रोज की तरह अपनी दुकान पर गये हुए थे। शनिवार की देर शाम एक युवक टोपी लगाकर उनकी दुकान पर पहुंचा और सोने की आठ लॉकेट निकलवाया। इसके बाद वह बहाने से चार लॉकेट पर हाथ साफ कर दिया। बाद व्हा से भागने लगा। इस दौरान दुकान मालिक त्रिभुवन ने शोर मचाया।

## 14 दिवसीय ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला की शुरूआत आज से

प्रयागराज। विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित 14 दिवसीय ऱग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशालाऱ का शुभारंभ महाराष्ट्र लोक सेवा मण्डल, अलोपीबाग के प्रांगण में सोमवार को होगा। संस्था के अध्यक्ष अभिलाष नारायण ने बताया कि कार्यशाला प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से शुरू हो कर 3 घण्टे तक चलेगी। यह कार्यशाला डॉ. मुकेश उपाध्याय सहायक प्रोफेसर, परफॉर्मिंग आर्ट्स, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ एवं अरुण श्रीवास्तव शोधकर्ता, रंगमंच कला, नाट्य विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के मार्गदर्शन में संचालित होगी। यह कार्यशाला निःशुल्क आयोजित कि जा रही है अतः प्रतिभागियों से किसी भी तरह का आवेदन शुल्क नही लिया जा रहा है। इस 14 दिवसीय कार्यशाला में युवाओं को पश्चिमी रंगमंच, प्रकाश परिकल्पना, दृश्य काव्य, नाट्यशास्त्र के अनुसार अभिनय, प्राचीन एवं आधुनिक भारतीय रंगमंच, पश्चिमी परिप्रेक्ष्य से अभिनय प्रशिक्षण पद्धतियां पर प्रकाश डाला जाएगा।

# दस साल की सरकार में भाजपा ने जनता के साथ सिर्फ भेदभाव किया : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि दस साल की सरकार में भाजपा ने जनता के साथ सिर्फ भेदभाव किया है। उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया लेकिन किसानों की कोई मदद नहीं की।किसानों का कोई कर्ज माफ नहीं किया। भाजपा सरकार ने ऐसी नीति बनायी जिसमें पांच करोड़ रुपए से ज्यादा कर्ज लेने वाले उद्योगपतियों और व्यवसायियों के कर्ज माफ हो जाय। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में लाखों करोड़ रुपए के कर्ज माफ कर दिए लेकिन हजार और लाख रुपए लोन लेने वाले किसानों को प्रताड़ित किया जाता है।

भाजपा सरकार ने तीन काले कानून लाकर किसानों की जमीन और फसल उद्योगपतियों के हाथों में सौपने की साजिश रची। किसानों ने आंदोलन किया। हजारो किसान शहीद हुए।यूपी विधानसभा चुनाव में हार सामने देख भाजपा सरकार ने तीनों काले कानून वापस लिए लेकिन किसानों को फसलों के लिए एमएसपी का अधिकार नहीं दिया। भाजपा ने किसानों को अपमानित किया।रविवार को आगरा लोकसभा क्षेत्र के जलेसर में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री सुरेश चन्द्र कर्दम के समर्थन में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में किसान, नौजवान, आम जनता भाजपा के खिलाफ है।जनता भाजपा के विरोध में वोट कर रही है। केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों का सभी कर्ज माफ होगा। किसानों के फसलों को एमएसपी की गारन्टी का कानून बनाया जायेगा।कहा कि पहले, दूसरे चरण के बाद तीसरे चरण में भी भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। पीडीए परिवार भाजपा की सरकार पलटने जा रहा है।देश में परिवर्तन होने जा रहा है।

भाजपा से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है। बीजेपी सरकार संविधान और जनता के जान के पीछे पड़ी है। पिछड़े, दलितों के आरक्षण को समाप्त करना चाहती है। भाजपा ने बहुत अन्याय, अत्याचार किया है। इस सरकार ने जनता की कभी नहीं सुनी। देश की 140 करोड़ जनता पर अपने मनमाने फैसले थोपे हैं। सरकारी संस्थानों का निजीकरण किया। नोटबंदी की। व्यापारियों पर जीएसटी थोपा। जनता में भाजपा सरकार को लेकर बहुत नाराजगी है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार ने हर चीज की महंगाई बढ़ा दी है। डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस, रिफाइण्ड तेल, दाल, नमक, सब चीज के दाम बढ़ा दिए। इतनी महंगाई पहले कभी नहीं थी भाजपा ने जनता से वादे किए लेकिन महंगाई कम नहीं की। किसानों के साथ नौजवानों से झूठे वादे किये। हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन भाजपा सरकार के फैसलों से युवाओं की नौकरियां छिन गयी। बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हुए है। आज गांव-गांव में बड़ी संख्या में पढ़े लिखे युवा बेरोजगार हैंकहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार सरकारी विभागों के रिक्त पदों को भरेगी। नौजवानों को तीस लाख नौकरियां देगी। भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। नौजवानों ने पढ़ाई में मेहनत की, पैसा खर्च किया, पेपर दिया लेकिन पेपर लीक हो गये।

### भारत तिब्बत सहयोग मंच ने मनाया रजत जयंती समारोह

प्रयागराज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुसांगिक संगठन भारत तिब्बत सहयोग मंच- के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आज रजत जयंती समारोह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऱ श्री सुमंगलम सेवा न्यास ऱ चांडी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मंच के प्रयागराज महानगर अध्यक्ष योगराज मिश्रा व जिला अध्यक्ष युवा विभाग अजय मिश्रा ने मंच के 25 वर्ष की यात्रा से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमंगलम सेवा न्यास की संचालिका देवयानी ने किया।

# चुनाव आयोग बताए 11 दिन बाद कैसे बदला मत प्रतिशत- अविनाश पान्डेय

प्रयागराज। कांग्रेस महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने यह सवाल उठाया है कि पहले और दूसरे चरण के चुनाव के 11 दिन बाद मत प्रतिशत 60 से बढ़कर 66 फीसदी कैसे हो गया? यूपी में चुनाव तैयारियों का समीक्षा के लिए निकले अविनाश पांडेय ने प्रयागराज में कहा कि आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि जो मतदान प्रतिशत वोटिंग वाले दिन फाइनल हो जाता है, वह मतदान के 11 दिनों के बाद कैसे बढ़ गया। भाजपा के ह्यअबकी बार चार सौ के पारह्न दावे पर कहा कि दो चरणों के चुनाव के बाद तस्वीर साफ हो रही है और पिछले आठ-दिनों से भाजपा के शीर्ष नेताओं ने अपनी सभाओं में यह दावा करना भी बंद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि 65 फीसदी मत अन्य दलों को जाता है, जो इस बार कांग्रेस के साथ हुए गठबंधन का हिस्सा हैं। इन मतों को सिर्फ व्यवस्थित करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस एवं अन्य दलों के गठबंधन की सरकार केंद्र में आने जा रही है।

प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव न लड़ने के सवाल पर बोले कि उनके पास देश भर में प्रचार की जिम्मेदारी है, जो ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रियंका ने स्वयं निर्णय लिया कि वह चुनाव लड़ने की जगह चुनाव लड़वाएंगी और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने इस पर अपनी सहमति भी जताई। कांग्रेस के कई प्रत्याशियों के पार्टी छोड़ने के मसले पर कहा कि विरोधियों द्वारा प्रत्याशियों को डराया-धमकाया जा रहा है और खरीद-फरोख्त भी हो रही है। मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है। देश की जनता देख रही है कि लोकतंत्र में क्या हो रहा है और अब जनता ही जवाब देगी। महंगाई, बेरोजगारी, नोटबंदी, सांवधिानिक संस्थाओं के दुरुपयोग, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य जैसे मुद्दों पर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और उत्तर प्रदेश में परिवर्तन की लहर है और इस बार यूपी की सभी 80 सीटों पर गठबंधन ने जीत के लिए पूरा जोर लगा दिया है। अविनाश पांडेय रविवार सुबह संवाददाताओं से बातचीत के बाद मिर्जापुर, भदोही, जौनपुर, वाराणसी के दौरे पर निकल गए। उनके साथ राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, शेखर बहुगुणा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन, यमुनापार अध्यक्ष अरुण तिवारी, कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह, प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी, पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, जावेद उर्फी, प्रवक्ता हसीब अहमद आदि मौजूद रहे।

## न्यूज

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से मतदान करने की अपील

लखनऊ। वयम् वरेण्यम् फाउंडेशन व श्री मेडीकेयर के तत्वावधान में आईटी चौराहे के पास पशुपालन संगम भवन के सामने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से आम जनमानस को आगामी 20 मई को लखनऊ में होने वाले मतदान के लिए जागरुक किया गया। इसके अंतर्गत रजिस्ट्रेशन के पर्चे पर ह्यपहले मतदान, फिर जलपानह्न की प्रिंटेड मुहर लगाने के साथ स्टैंडी-बैनर के माध्यम से जागरुक किया गया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में करीब 150 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चले शिविर में ब्लड शुगर, हार्निया,डायबिटीज,पिटा की पथरी, नाक-कान-गले से जुड़ी समस्याओं, स्त्री रोग से जुड़ी समस्याओं, बच्चों की समस्याओं आदि से सम्बंधित जाँचें हुई एवं परामर्श दिए गए। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहिता भूषण चंद, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत तुलस्यान, फिजीशियन डॉ. ट्रिम्सी त्यागी, जनरल सर्जन डॉ. रोहित कुमार सिंह, नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु सिंह जैसे जाने-माने चिकित्सक उपस्थित रहे। डॉ. मोहिता भूषण ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया। साथ ही मतदान के लिए जागरूकता भी जगायी गयी।

### बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने प्रो० एन० एम० पी० वर्मा को सौंपा कार्यवाहक कुलपति का दायित्व

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में दिनांक 5 मई को विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अपना कार्यभार प्रो० एन० एम० पी० वर्मा को? सौंपा। विश्वविद्यालय की विजिटर (कुलाध्यक्ष) माननीय राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा कार्यमुक्त का अनुमोदन मिलने के पश्चात आचार्य संजय सिंह ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो०एन० एम० पी० वर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी ।इसके अतिरिक्त आचार्य संजय सिंह ने आज ही डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति का पदभार भी ग्रहण किया। इस अवसर पर आचार्य संजय सिंह ने सभी से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग के कारण ही विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध, अनुसंधान, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। इसके अतिरिक्त नैक, एनआईआरएफ , क्यूएस रैंकिंग में भी विश्वविद्यालय ने नये आयामों को? छुआ है। आशा करते हैं कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय और भी अधिक प्रगति करेगा एवं शिक्षा जगत में यहाँ के विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम और भी रोशन करेंगे। आचार्य संजय सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों को सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० अश्विनी कुमार सिंह, प्रॉक्टर प्रो० संजय कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रो० बी० एस० भदौरिया, परीक्षा नियंत्रक प्रो० विक्रम सिंह यादव, वित्ताधिकारी प्रो० अजय कुमार मोहंती, चीफ विजिलेंस ऑफिसर प्रो० शिल्पी वर्मा, अन्य शिक्षकगण एवं गैर शिक्षण कर्मचारी मौजूद रहें । आचार्य संजय सिंह द्वारा डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार ग्रहण करने के अवसर पर वहाँ के कार्यवाहक कुलपति प्रो० हिमांशु शेखर झा, कुलसचिव, वित्ताधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने आचार्य संजय सिंह का स्वागत किया। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों द्वारा आचार्य संजय सिंह को डॉ० शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार ग्रहण करने के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी।

### योगेन्द्र कुमार मिश्र विश्वबन्धु हुए विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान से सम्मानित

प्रयागराज। प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा महाराष्ट्र मंडल के सभागार में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मुनेश्वर मिश्र की अध्यक्षता,पाठ्यक्रम लेखक सुलतानपुर के डा. सर्वेशकान्त वर्मा 'सरल' के मुख्य आतिथ्य एवं राष्ट्रीय संयोजक डा. भगवान प्रसाद उपाध्याय के संचालन में साहित्यिक सांस्कृतिक कला संगम अकादमी, बरियावां (प्रतापगढ़) द्वारा प्रयागराज के वरिष्ठ कवि लेखक योगेन्द्र कुमार मिश्र ऱविश्वबन्धुऱ को पुष्पहार, अंगवस्त्र, प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर ऱविद्या वाचस्पतिऱ सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के उपरांत आभार ज्ञापित करते हुए डा. विश्वबन्धु ने बताया कि अतिशीघ्र उनका एक कहानी संग्रह तथा एक गीत संग्रह प्रकाशित होने वाला है। प्रकाशन के इसी क्रम में कुछ और दिनों पश्चात एक कविता संगह, एक मुक्तक संग्रह तथा एक नाटक भी प्रकाशित किया जायेगा।

### पूर्व विधायक सपा नेता मुजतबा सिद्दीकी के पुत्र की हार्टअटैक से निधन

प्रयागराज। पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के नेता मुजतबा सिद्दीकी के बड़े पुत्र मो. अब्दुल्लाह (40)की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। आज शाम उनके पैतृक गाँव लिलहत के कब्रिस्तान मे दफनाया गया। वह आज सुबह 7 बजे सोकर उठे, चाय भी पिया फिर अचानक से बिस्तर पर जाकर लेट गए। घर वालों ने उन्हें बुलाया, आवाज न आने पर पास जाकर हिलाया लेकिन कोई हरकत नहीं हुई, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मो. अब्दुल्लाह समाजसेवी एवं फूलपुर तथा सिकंदरा मे स्थित कई स्कूल, कालेज के प्रबंधक थे। अपने पीछे पत्नी तहसीन बानों, दो पुत्रियां आयशा, जारा (6माह ) एक पुत्र मो फाहिद 5 वर्ष छोड़ गए हैं। पूर्व विधायक एवं सपा नेता के पुत्र की अचानक मौत पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित पार्टी के नेताओं, शुभ चिंतकों ने गहरा दुख जताया है। सपा कार्यालय मे भी पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं ने बैठक कर शोक जताया।

# अबकी बार-400 पार में उप्र का सबसे बड़ा योगदानः मुख्यमंत्री

हरदोई/लखनऊ। अपने शासनकाल में समाजवादी पार्टी आतंकवादियों के मुकदमों को वापस लेने में रूचि लेती थी। इन लोगों ने अयोध्या, रामपुर में सीआरपीएफ कैंप, काशी में संकटमोचन मंदिर, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी की कचहरी पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का प्रयास किया था, तब माननीय हाईकोर्ट ने कहा था कि आज आतंकियों के मुकदमे वापस ले रहे हो, कल इन्हें पद्म पुरस्कार से नवाजोगे।

सरकार का यह कृत्य खतरनाक व निंदनीय है। कोर्ट ने सपा को कंडम किया था। मुख्यमंत्री ने अपील की कि आतंकवादियों की समर्थक सपा और राम का अपमान करने वालों को वोट नहीं देना है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। मुख्यमंत्री योगी ने मिश्रिख से भाजपा सांसद व प्रत्याशी अशोक रावत के लिए रविवार को मल्लावां, हरदोई में जनसभा कर वोट देने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी में पहुंचे लोगों का अभिवादन किया और कहा कि विधानसभा चुनाव और 2019 में महागठबंधन के बाद भी भाजपा प्रत्याशियों को आमजन का आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। अबकी बार-400 पारह्न में सबसे बड़ा योगदान उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री ने जनता से अनुरोध किया कि नए भारत के निर्माण में हम भी सहभागी बनें। दो चरणों के चुनाव ने साबित कर दिया कि ह्लअबकी बार-400 पारह्न का लक्ष्य प्राप्त होगा और इसमें सबसे बड़ा योगदान उत्तर प्रदेश का होगा। 10 वर्ष में देश में व्यापक परिवर्तन हुआ है, इसलिए आमजन फिर से पीएम मोदी को चुनना चाहता है। हरदोई व लखनऊ के बीच 1000 एकड़ क्षेत्रफल में नए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त पीएम श्री टेक्सटाइल्स पार्क बनने जा रहा है। इसमें हजारों युवाओं को नौकरी मिलेगी। एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज का उपहार भी इस जनपद को प्राप्त हो चुका है।

#### हरदोई व सीतापुर में बने सर्वाधिक आवास-शौचालय

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नए भारत में नई विकास यात्रा चल रही है। 1947 तक जितने हाइवे बने, मोदी जी के नेतृत्व में उससे दोगुने हाइवे 10 वर्ष में बन गए हैं। दोगुने एयरपोर्ट बन गए हैं। कांग्रेस ने सिर्फ एक एम्स बनाया, छह एम्स अटल जी और 15 एम्स मोदी जी ने बनवाए। दस वर्ष में दोगुने विश्वविद्यालय बन गए। यह विकास की नई गाथा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा शासन में यह क्षेत्र हो या अन्य क्षेत्र, लोग भूख से मरते थे। पाकिस्तान का राग अलापने वालों को बताना चाहिए कि वहां के 23-24 करोड़ लोगों को दो जून की रोटी नहीं मिल रही है और यहां 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है।

सबसे अधिक शौचालय, पीएम आवास हरदोई व सीतापुर में बने हैं। बचे लोगों को भी पांच वर्ष में आवास मिलेगा। जिस दिन गंगा एक्सप्रेसवे बन जाएगा, उस दिन हरदोई की गिनती विकसित जनपद में होगी मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक तरफ मोदी के नेतृत्व में नया भारत है, जिसमें सुरक्षा, सम्मान, गरीब कल्याण व आस्था का सम्मान भी है। डबल इंजन सरकार में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। जो लोग पांच- सात साल पहले गए होंगे, अब जाने पर उन्हें नई अयोध्या के दर्शन होंगे। 500 वर्ष बाद अयोध्या में रामलला ने होली भी खेली और जन्मोत्सव भी मनाया।

## बीमारी से संबंधित संपूर्ण आहार के बारे में दी जानकारी

प्रयागराज। सृजन इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस सड़वा खुर्द प्रयागराज मे बीएससी नर्सिंग सेकंड सेमेस्टर के बच्चों के द्वारा न्यूट्रिशन प्रोगाम पोषण कार्यक्रम कराया गया। जिसमें बच्चों ने बीमारी से संबंधित संपूर्ण आहार के बारे में जानकारी दी एवं बीमारी से संबंधित आहार बनाकर आए हुए अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्य एवं प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ सृजन हॉस्पिटल डॉ सविता अग्रवाल उपस्थित रहीं। संस्था की प्राचार्य ऋतु तोबित ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आहार विशेषज्ञ कल्पना श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। संस्था के शिक्षक गण कर्मचारी गण अवनीश केवट, रीता सिंह, युवत कुमारी, विभा कुशवाहा, अर्पिता सिंह, निशि तिवारी, अतुल पाल, ज्योति श्रीवास्तव, प्रिंसु मिश्र, रत्नेश यादव, सौरभ मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### वोटरों को साधने के लिए भाजपा का नुक्कड़ नाटक का मेगा प्लान

प्रयागराज। चुनावी माहौल को दिलचस्प बनाने के लिए अपने सांस्कृतिक चुनावी कैंपेन के साथ मतदाता तक पहुंचने की तैयारी कर रही है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रयागराज की दोनों लोकसभा फूलपुर एवं इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को साधने के लिए नुक्कड़ नाटक का मेगा प्लान बनाया है। जिसके जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा किए गए विकास का संदेश जन जन तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस और सपा के शासन में किए गए भ्रष्ट शासन की पोल खोलेंगे और उनकी नियति का पदार्फाश करेंगे। नुक्कड़ नाटक के जरिए मोदी सरकार के द्वारा राम मंदिर निर्माण, धारा 370 का हटाना, सिटिजन अमेंडमेंट एवं ट्रिपल तलाक एक्ट लागू करना, प्रयागराज का दिव्य एवं भव्य कुंभ एवं प्रयागराज में विकास की योजनाओं को लेकर किए गए कार्यों के विषय पर आधारित होगा।

# बदतमीज़ गिल में नजर आएंगी वाणी कपूर



बॉलीवुड दीवा वाणी कपूर एक आने वाली ड्रामा फिल्म बदतमीज़ गिल को शीर्षक देने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म बरेली और लंदन की एक लड़की और उसके परिवार की कहानी बताएगी। बॉलीवुड दिवा वाणी कपूर एक आने वाली ड्रामा फिल्म बदतमीज़ गिल को शीर्षक देने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म बरेली और लंदन की एक लड़की और उसके परिवार की कहानी बताएगी। आगामी फिल्म का निर्माण निकी भगनानी और विक्की भगनानी, विनय अग्रवाल, अंकुर तकरानी और अक्षद घोने द्वारा किया जा रहा है। इसका निर्देशन नवजोत गुलाटी कर रहे हैं, जिन्होंने रनिंग शादी, गिन्नी वेड्स सनी लिखी है और जय मम्मी दी और जल्द ही रिलीज होने वाली पूजा मेरी जान जैसी फिल्में निर्देशित की हैं। वाणी एक बिल्कुल अलग पक्ष दिखाएगी एएनआई ने निर्माता जोड़ी निक्की और विक्की के हवाले से बताया, फ्रवाणी कपूर हमारी महत्वाकांक्षी परियोजना बदतमीज़ गिल का नेतृत्व कर रही हैं, जो मई के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली है! वाणी पहली और एकमात्र पसंद थीं और वह हर तरह से इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। हमारी फिल्म में उनका अभिनय सही जगह पर है।%% उन्होंने कहा, फ्रवाणी एक शीर्ष अभिनेत्री हैं, और उन्हें कभी भी कॉमेडी और पारिवारिक मनोरंजन वाली फिल्मों में नहीं देखा गया है।

हमें लगता है कि वह इस शैली में शानदार काम करेंगी। यह भूमिका किसी ऐसे व्यक्ति को ध्यान में रखकर लिखी गई थी उसकी। मुख्य भूमिका के लिए वाणी को चुनने के पीछे के कारण के बारे में बात करते हुए, दोनों ने आगे कहा, %%हमें एक खूबसूरत, आत्मविश्वासी लड़की की जरूरत थी जो अपने परिवार और दोस्तों के लिए दंगा बन सके। वाणी असल जिंदगी में यही शख्स हैं। इसलिए, जब हम उनसे मिले, तो हमें पता था कि हमें अपना मार्ग मिल गया है! वह अपनी मौजूदगी से स्क्रीन पर रौनक लाएंगी और उम्मीद है कि हम अपनी फिल्म से ढेर सारे लोगों का मनोरंजन करेंगे।%%

बदतमीज़ गिल और वाणी के अन्य प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी फिल्म में अपारशक्ति खुराना वाणी के भाई की भूमिका में हैं और परेश रावल फिल्म में वाणी के पिता की भूमिका में हैं। फिल्म का शूटिंग शेड्यूल बरेली में शुरू होने वाला है। बदतमीज़ गिल के अलावा, वाणी अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, फरदीन खान, एमी विर्क और आदित्य सील के साथ %खेल खेल में% की तैयारी कर रही हैं, जो इस साल 6 सितंबर को अक्षय के जन्मदिन वाले सप्ताह के साथ रिलीज़ होगी। खेल खेल में का निर्देशन मुदस्सर अजीज द्वारा किया गया है और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी. शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है।

## गोविंदा की भांजी होने का नहीं मिला फायदा



ससुराल गेंदा फूल और भास्कर भारती में अपने किरदार के लिए मशहूर टीवी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना फेक न्यूज का शिकार हो गई हैं। अभिनेत्री ने गलती से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर दी जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया है। ससुराल गेंदा फूल और भास्कर भारती में अपने किरदार के लिए मशहूर टीवी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना फेक न्यूज का शिकार हो गई हैं।

अभिनेत्री ने गलती से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर दी जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया है। अब रागिनी ने सामने आकर स्पष्ट किया है कि यह पोस्ट फर्जी थी और उन्होंने कोई अन्य धर्म नहीं अपनाया है।

दैनिक भास्कर से बात करते हुए रागिनी ने कहा, %%एक एक्टर के तौर पर हमें ज्यादा सावधान रहना होगा, इस घटना से मैंने यही सबक सीखा है। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से मैं अपने फैन्स के पोस्ट दोबारा पोस्ट कर रही हूं। मेरा मानना है कि मैं आज जो कुछ भी हूं अपने प्रशंसकों की वजह से हूं। उनके पोस्ट को अपने सोशल मीडिया पेज पर दोबारा पोस्ट करके मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं। लेकिन, यह नहीं सोचा था कि यह कोई मुद्दा बन जाएगा। मेरी पहचान पर सवाल उठाए जाएंगे।%%

उन्होंने आगे कहा कि %%एक प्रशंसक ने एक फर्जी पोस्ट बनाई (जहां मैं ईसाई धर्म अपनाती दिख रही हूं) और मेरे अकाउंट को टैग कर दिया। फिर उन्होंने मुझसे सहयोग के लिए अनुरोध भेजा। मैंने गलती से स्वीकार कर लिया। कुछ देर बाद उसने वह फर्जी पोस्ट शेयर कर दी, जिसकी वजह से ही मैं अपने धर्म परिवर्तन के बारे में बात कर रही हूं।% वह पूरी तरह फर्जी है। मैंने रिपोर्ट कर दी है। खैर, मेरे लाखों प्रशंसक हैं, उनमें से अगर कोई एक व्यक्ति ऐसी बेवकूफी भरी हरकत करता है, तो मैं अपने पूरे प्रशंसक क्लब को दोष नहीं दे सकती। उन्होंने कहा, %%मेरे प्रशंसक मेरे प्रति बहुत वफादार रहे हैं और मैं भी उनका बहुत सम्मान करती हूं।%%

उन्होंने %इंसानियत% को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए आगे कहा, %%लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि मैंने अपना धर्म बदल लिया है। मेरे लिए इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है और ये हमेशा रहेगा।%%

इस बीच, पेशेवर मोर्चे पर, रागिनी को आखिरी बार ससुराल गेंदा फूल 2 के दूसरे सीज़न में सुहाना बाजपेयी कश्यप की भूमिका निभाते हुए देखा गया था। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग प्रोजेक्ट्स चुन लिए हैं। इसके अलावा हाल ही में उन्हें अपनी कजिन आरती सिंह की शादी में देखा गया था।

## शिवांगी जोशी को फिर हुआ प्यार ?



बरसातें मौसम प्यार का में साथ काम कर चुके शिवांगी जोशी और कुशाल टंडन ने अपनी सगाई की अफवाहों को संबोधित किया है। जानिए शिवांगी जोशी और कुशाल टंडन अफवाहों के बारे में सबकुछ, कुशाल ने इस पर चुप्पी तोड़ी और क्या कहा। सगाई की अफवाहों का खंडन करने के लिए अभिनेताओं ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट का सहारा लिया।

जब से शिवांगी जोशी और कुशाल टंडन ने टीवी शो बरसात मौसम प्यार का में एक साथ काम किया है, तब से ऐसी अफवाहें उड़ रही हैं कि वे डेटिंग कर रहे हैं। दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि वे सगाई करके अपने रिश्ते को आधिकारिक बनाने की योजना बना रहे हैं। अब, अभिनेता इन अटकलों को निराधार बताते हुए उनका खंडन करने के लिए आगे आए हैं।

सगाई की अफवाहों का खंडन करने के लिए अभिनेताओं ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट का सहारा लिया। यह पहली बार है कि अभिनेताओं ने अपने लिंक-अप अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है।

कुशाल टंडन चुप्पी तोड़ी

हाल की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, शिवांगी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर एक गुप्त पोस्ट डाला, जिसमें लिखा था, फ्रमुझे अफवाहें पसंद हैं। मुझे हमेशा अपने बारे में आश्चर्यजनक चीजें पता चलती हैं जो मैं कभी नहीं जानता था।फ्र उनकी अगली पोस्ट दयालुता के बारे में थी। जबकि शिवांगी ने एक गुप्त पोस्ट को चुना। सगाई की अफवाहों पर प्रतिक्रिया देने के तरीके में कुशल अधिक सीधे थे।

इंस्टाग्राम स्टोरीज पर उन्होंने लिखा, फ्रयार मीडिया वाललू एक बहुत बथऊ, मेरी सगाई होरहीईईईईईईईईईई, हमारी मुझे वह नहीं पता?????? मैं यहां थाईलैंड में अपनी मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रहा हूं। ऐसा कैसे कहती हूं आप लोग, कम से कम थोरो थो ऑथेंटिकेशन न्यूज की रखका करो मेरे भाई लोग? ये आपका स्रोत है कौन (अरे मीडिया वालों! मुझे कुछ बताओ, मेरी सगाई हो रही है और मुझे इसके बारे में पता भी नहीं है??? मैं यहां थाईलैंड में मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रहा हूं। आप लोग यह कैसे करते हैं? पर) कम से कम खबर को ठीक से सत्यापित करें। वैसे भी आपके स्रोत कौन हैं)?फ्र उन्होंने अपने पोस्ट के समर्थन में सामग्री प्रशिक्षण सत्र से अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की।

जानिए शिवांगी जोशी और कुशाल टंडन अफवाहों के बारे में सबकुछ

उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री और ऑफ-स्क्रीन दोस्ती के कारण उनके रिश्ते की स्थिति के बारे में अटकलें कुछ समय से चल रही थीं। हाल ही में शो के समापन के साथ, प्रशंसक दोनों अभिनेताओं के बीच वास्तविक जीवन के समीकरण के बारे में आश्चर्यचकित रह गए। शो का प्रीमियर जुलाई 2023 में हुआ और फरवरी 2024 में ऑफ-एयर हो गया।


कुछ समय पहले, हृद्ध2ह्य18 की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि शिवांगी और कुशाल,एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। उन्होंने एक सूत्र के हवाले से बताया कि शो के सेट पर शिवांगी और कुशाल के बीच अच्छी दोस्ती हो गई, जो जल्द ही प्यार में बदल गई। इसमें दावा किया गया कि वे एक प्रतिबद्ध रिश्ते में हैं, और जल्द ही चीजों को आधिकारिक बनाना चाहते हैं।

वे दोनों बहुत निजी लोग हैं और इसलिए अपने रिश्ते को लोगों की नज़रों से दूर रखना चाहते हैं। जब उन्हें लगेगा कि सही समय है तो वे अपने रिश्ते की घोषणा कर सकते हैं,%% रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया है।

## बेहद लग्जरी लाइफ जीते हैं विराट-अनुष्का



बॉलीवुड की प्रतिभाशाली और बहुमुखी अभिनेत्रियों में से एक अनुष्का शर्मा ने हाल ही में अपना 36वां जन्मदिन मनाया। उस भव्य जश्न की अभिनेत्री की तस्वीरें जहां उनके पति विराट कोहली और आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) की टीम अब वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड की प्रतिभाशाली और बहुमुखी अभिनेत्रियों में से एक अनुष्का शर्मा ने हाल ही में अपना 36वां जन्मदिन मनाया। उस भव्य जश्न की अभिनेत्री की तस्वीरें जहां उनके पति विराट कोहली और आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) की टीम अब वायरल हो रही हैं। इस सरप्राइज की योजना किसी और ने नहीं बल्कि उनके पति विराट कोहली ने बनाई थी। तस्वीरों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाड़ी विराट कोहली के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में विराट, फाफ डु प्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल नजर आ रहे हैं। ग्लेन मैक्सवेल अपनी पत्नी के साथ अनुष्का और विराट के करीब नजर आए। लैवेंडर टॉप और नीली जींस में अनुष्का का आकर्षण झलक रहा था। वहीं विराट ब्लैक आउटफिट में नजर आए। कार्यक्रम स्थल को फूलों और रोशनी से सजाया गया था और यह हर तरह से सौंदर्यपूर्ण लग रहा था। अनुष्का शर्मा और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने इस साल 15 फरवरी को अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया। इस कपल ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर एक पोस्ट शेयर कर अकाए के आने की खुशखबरी दी थी। कपल ने पोस्ट में लिखा था, %बहुत खुशी और प्यार के साथ हम आपको खुशखबरी दे रहे हैं कि 15 फरवरी को हमारे घर एक बेटे और वामिका के छोटे भाई अकाय का जन्म हुआ है। हम इस दौरान आपका आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहते हैं। हम आपसे हमें गोपनीयता देने का भी अनुरोध करते हैं। लव, विराट और अनुष्का।फ्र काम के मोर्चे पर, अनुष्का फिल्मों से ब्रेक पर हैं और आखिरी बार उन्हें शाहरुख खान–स्टारर जीरो में देखा गया था। अनुष्का शर्मा ने 2022 की फिल्म काला में एक कैमियो भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनकी पहली फिल्म में तृप्ति डिमरी, स्वास्तिका



मुखर्जी और बाबिल खान थे। हालाँकि, वह अगली बार चकदा एक्सप्रेस में दिखाई देंगी, जहाँ अभिनेत्री महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की भूमिका निभाएंगी। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी के जीवन और उनके संघर्ष के इर्द–गिर्द घूमती है। प्रोसित रॉय द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रेणुका शहाणे और महेश ठाकुर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# आईपीएल के होनहार बनेंगे भारत का भविष्य

## पांच खिलाड़ी जिनके प्रदर्शन ने मचाई सनसनी, जानें




**नई दिल्ली।** दुनिया की लोकप्रिय लीग हमेशा से युवाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इसके जरिए तमाम खिलाड़ियों को भारतीय टीम में मौका मिला है। 17वें सीजन में भी नेहल वढेरा, रियान पराग जैसे युवा अपने खेल की वजह से चर्चाओं में बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों को भारत का भविष्य माना जा रहा है। आईपीएल 2024 का रोमांच जारी है। 50 से ज्यादा मुकाबले अब तक खेले जा चुके हैं। इनमें कई युवा भारतीय खिलाड़ियों ने अपना जलवा बिखेरा है। दुनिया की लोकप्रिय लीग हमेशा से युवाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इसके जरिए तमाम खिलाड़ियों को भारतीय टीम में मौका मिला है। 17वें सीजन में भी मयंक यादव, रियान पराग जैसे युवा अपने खेल की वजह से चर्चाओं में बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों को भारत का भविष्य माना जा रहा है। आइये जानते हैं..

रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के दमदार बल्लेबाज रियान पराग ने आईपीएल के इस सीजन में अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनके बल्ले से निकलता हर शॉट उनके हुनर की गवाही दे रहा है। राजस्थान के लिए अब तक 10 मैच खेल चुके इस बल्लेबाज ने 159.14 के स्ट्राइक रेट से 409 रन बनाए हैं। मौजूदा समय में वह सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि उन्हें जल्द ही बीसीसीआई की तरफ से बुलावा आ सकता है। आशुतोष शर्मा पंजाब किंग्स के स्टार फिनिशर आशुतोष शर्मा ने भी अपने प्रदर्शन से इस साल प्रभावित किया है। निचले क्रम पर उतरकर वह ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हैं। इस सीजन में उन्होंने सात मैचों में 159 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 189.29 का रहा है। 25 वर्षीय बल्लेबाज के नाम आईपीएल में एक अर्धशतक दर्ज है। माना जा रहा है कि जल्द ही उन्हें भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। नेहल वढेरा मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाज नेहल वढेरा ने इस सीजन में कई उपयोगी पारियां खेली हैं। उन्होंने अपनी जुझारू पारियों से दर्शकों को प्रभावित किया है। मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने चार मैचों में 134.62 के स्ट्राइक रेट से 105 रन बनाए हैं। इस सीजन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 49 रनों का रहा है। वहीं, पिछले सीजन में भी उनका बल्ला जमकर गरजा था। 25 वर्षीय बल्लेबाज ने 14 मुकाबलों में दो अर्धशतकों की बदौलत 241 रन बनाए थे। नितीश रेड्डी युवा ऑलराउंडर नितीश रेड्डी ने आईपीएल 2024 में विस्फोटक प्रदर्शन किया है। गेंद और बल्ले से वह इस सीजन में धमाल मचाते दिख रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए नितीश ने सात मैचों में 154.23 के स्ट्राइक रेट से 219 रन बनाए हैं। इस सीजन उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले। वहीं, उनका उच्चतम स्कोर 76' रनों का रहा है। इसके अलावा 20 वर्षीय खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए हैं। तुषार देशपांडे चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे इस सीजन में घातक गेंदबाजी करते नजर आ रहे हैं। चेन्नई के लिए उन्होंने नौ मैचों में 10 विकेट चटकाए हैं। तुषार में भारतीय प्रशंसकों को भारत का भविष्य नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही उन्हें टीम इंडिया की तरफ से बुलावा भेजा जा सकता है।

# भारत की पुरुष 4x400 मीटर टीम विश्व रिले की हीट को पूरा करने में नाकाम

**मोहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय चौकड़ी हीट नंबर चार में शीर्ष दो में रहकर पेरिस का टिकट पक्का करने की उम्मीद कर रही थी लेकिन रमेश ने अपना बायां पैर पकड़कर लड़खड़ाते हुए रेस बीच में ही छोड़ दी।**




**नासाउ।** दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश के पैर में जकड़न के कारण बाहर होने से भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के पहले दौर के दौरान रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस) पूरी करने में विफल रही। मोहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय चौकड़ी हीट नंबर चार में शीर्ष दो में रहकर पेरिस का टिकट पक्का करने की उम्मीद कर रही थी लेकिन रमेश ने अपना बायां पैर पकड़कर लड़खड़ाते हुए रेस बीच में ही छोड़ दी। अनस पहले चरण की दौड़ पूरी कर चुके थे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एक बयान में कहा, ''पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की शुरुआत अच्छी रही थी। मोहम्मद अनस ने पहले चरण में 45.93 सेकेंड का समय लिया लेकिन दूसरे धावक राजेश रमेश पहले मोड़ पर पैर की मांसपेशियों में जकड़न के कारण गिर गए।'' रमेश ने पुरुष वर्ग में हिस्सा लेने से तीन घंटे पहले मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले में भी भाग लिया था। भारत के पास सोमवार को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के दौरान एक और मौका होगा जहां रविवार को अपनी-अपनी हीट में शीर्ष दो से बाहर रहने वाली अन्य सभी टीमें पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगी। टीमों को तीन हीट में विभाजित किए जाने की उम्मीद है और उनमें से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम पेरिस के लिए क्वालीकाई करेंगी। भारत की इसी चौकड़ी ने 2023 बुडापेस्ट विश्व चौंपियनशिप में दो मिनट 59.05 सेकेंड का एशियाई रिकॉर्ड बनाया था। तोक्यो ओलंपिक में भारत हीट दौर से आगे निकलने में नाकाम रहा था। भारत क्वालीफिकेशन के पहले दिन महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले में भी पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने में असफल रहा। मिश्रित चार गुणा 400 मीटर और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर दोनों भारतीय टीमों को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए सोमवार को होने वाले दूसरे दौर का इंतजार करना होगा। मिश्रित चार गुणा 400 मीटर स्पर्धा में राजेश रमेश, रूपल चौधरी, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्री दांडी की भारतीय चौकड़ी खराब प्रदर्शन करते हुए तीन मिनट 20.36 सेकेंड के समय के साथ हीट नंबर दो में छठे स्थान पर रही। बाद में विथ्या रामराज, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन की भारतीय चौकड़ी तीन मिनट और 29.74 सेकंड के समय के साथ महिला चार गुणा 400 मीटर की हीट नंबर एक में पांचवें स्थान पर रही। यहां से चार हीट में से प्रत्येक में शीर्ष दो में रहने वाली टीमें 16 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। सभी हीट में शेष टीमें अन्य छह पेरिस ओलंपिक स्थानों के लिए एक और क्वालिफिकेशन दौर में सोमवार को फिर से प्रतिस्पर्धा करेंगी। यहां आयोजित होने वाली सभी पांच रिले- पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर, पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर- के लिए प्रारूप समान है।

# 'पिछले कुछ दिन से बीमार था, लगा कि आज खेल नहीं सकूंगा'



**गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उनकी टीम अब बाकी मैच जीतने पर फोकस करेगी। उन्होंने कहा ,'' विकेट पर बहुत कुछ निर्भर करता है। पहले कुछ ओवर में ही पता चल जाता है और उसके हिसाब से खेलना होता है।**

गुजरात टाइटंस पर इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चार विकेट से मिली जीत के नायक रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरू के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि पिछले कुछ दिन से बीमार होने के कारण उन्हें लगा था कि वह इस मैच में खेल नहीं सकेंगे। सिराज ने पहले स्पैल में ही रिधिमान साहा और शुभमन गिल को आउट करके गुजरात को दबाव में ला दिया था। उन्होंने कहा ,'' मैं पिछले कुछ दिन से बीमार था। लगा था कि आज खेल नहीं सकूंगा लेकिन मैं खेलना चाहता था और बहुत खुश हूं कि खेल सका।'' उन्होंने कहा ,' सुबह उठा तो लगा कि आराम करना चाहिये , आज नहीं खेल सकूंगा। लेकिन फिर मैने सोचा कि नहीं मुझे खेलना ही है।'' आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा ,'' पिछले दोनों मैचों में प्रदर्शन शानदार रहा। बल्ले और गेंद दोनों से। यहां 180 . 90 का स्कोर अच्छा रहता।'' गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उनकी टीम अब बाकी मैच जीतने पर फोकस करेगी। उन्होंने कहा ,'' विकेट पर बहुत कुछ निर्भर करता है। पहले कुछ ओवर में ही पता चल जाता है और उसके हिसाब से खेलना होता है। इस विकेट पर 170 . 80 रन अच्छा स्कोर होता। पावरप्ले में हमारी बल्लेबाजी और उनकी गेंदबाजी निर्णायक रही। हम गलतियों से सबक लेकर आने वाले मैच जीतने की कोशिश करेंगे।

# रोमांचक मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 1 रन से दी मात

गुरुवार को खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया है। आईपीएल 2024 के 50वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 201 रन बनाए। इसके बाद रॉयल्स की टीम 20 ओवर में सात विकेट खोकर 200 रन ही बना सकी। राजस्थान रॉयल्स की ओर से रियान पराग ने सबसे ज्यादा 77 रन बनाए। सनराइजर्स के लिए भुवनेश्वर कुमार ने तीन और नटराजन-कमिंस ने 2-2 विकेट लिए। इस जीत के साथ पैट कमिंस के नेतृव वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम टॉप-4 से बाहर हो चुकी है। दूसरी तरफ राजस्थान रॉयल्स को टूर्नामेंट में दूसरी हार मिली है। इससे पहले गुजरात टाइटंस ने राजस्थान को मात दी थी। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन और जोस बटलर का विकेट गंवाया। भुवनेश्वर कुमार ने उन्हें आउट किया। दोनों बल्लेबाज खाता खोले बिना ही आउट हो गए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल और रियान पराग के बीच तीसरे विकेट के लिए 78 गेंदों में 134 रन की बेहतरीन साझेदारी हुई। जहां यशस्वी ने 40 गेंद में 67 रन बनाए वहीं रियान पराग ने 49 गेंद में 77 रन की पारी खेली। हेटमायर 9 गेंद में 13 रन ही बना सके। ध्रुव जुरेल ने एक रन बनाए। इसके बाद पॉवेल ने अश्विन के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 11 गेंद में 18 रन की साझेदारी की, जिसकी बदौलत राजस्थान जीत के करीब पहुंचा। अंतिम ओवर में राजस्थान को सिर्फ 13 रन चाहिए थे और टीम पांच गेंद के बाद टारगेट हासिल करने के करीब पहुंच गई थी लेकिन पॉवेल आखिरी गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। पॉवेल ने 15 गेंद में 27 रन जडेद्य। वहीं इससे पहले हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए धीमी शुरुआत की।




# SPORTS न्यूज़

## बृजभूषण शरण सिंह के बेटे को बीजेपी से टिकट मिलने पर साक्षी मलिक ने जताई नाराजगी, जानें क्या कहा?

साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के बेटे करण को उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार चुनने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गुरुवार को निशाना साधा और कहा कि इस फैसले से देश की बेटियों की हार हुई है। साक्षी, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट सहित शीर्ष पहलवानों ने बृज भूषण पर डब्ल्यूएफआई प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर महीनों तक जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था। बृजभूषण कैसरगंज से मौजूदा सांसद हैं और अब उनके बेटे को इस सीट से भाजपा का टिकट मिलने से प्रदर्शनकारी पहलवानों में नाराजगी है। साक्षी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''देश की बेटियां हार गईं, बृजभूषण जीत गया।'' पिछले साल कुश्ती को अलविदा कहने वाली रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी ने कहा कि पहलवानों की न्याय की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, ''हम सभी ने अपना करियर दांव पर लगाया, कई दिनों तक धूप और बारिश में सड़कों पर सोए। आज तक बृजभूषण को गिरफ्तार नहीं किया गया। हम कुछ नहीं मांग रहे थे, हम सिर्फ न्याय मांग रहे थे।'' साक्षी ने कहा, ''गिरफ्तारी छोड़िए, आज उनके बेटे को टिकट देकर आपने देश की करोड़ों बेटियों का मनोबल तोड़ दिया है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव, सविता पूनिया की जगह सलीमा टेटे बनीं कप्तान

भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। दरअसल मिडफील्डर सलीमा टेटे को सविता पूनिया की जगह टीम की कमान सौंपी गई है। बता दें कि, इस महीने के आखिर में होने वाले एचआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान चुना गया है। वहीं सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि, मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। साथ ही उन्होंने कहा, ''एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।'' सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में 1 से 9 जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था। भारतीय महिला टीम इस प्रकार है गोलकीपर रू सविता, बिछू देवी खारीबाम डिफेंडर रू निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी मिडफील्डर रू सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी फॉरवर्ड रू मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

## रॉयल्य पर जीत के बाद एसआरएच की मालकिन काव्या मारन ने किया रोनाल्डो की तरह सेलिब्रेट

गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला हुआ। जिसे हैदराबाद ने 1 रन से जीत लिया। दरअसल, भुवनेश्वर कुमार ने मैच की आखिरी गेंद पर जैसे ही राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल को एलबीडब्ल्यू किया जिस कारण जीत के लिए 1 रन रॉयल्य नहीं बना पाई और उसे हार झेलनी पड़ी। लेकिन इस 1 रन से मिली जीत से काव्या मारन बेहद खुश नजर आईं, उन्होंने हवा में जंप लगाकर अनोखे अंदाज अपनी टीम की जीत को सेलिब्रेट किया। जिसके बाद उनके सेलिब्रेशन को रोनाल्डो के शैपनननश् सेलिब्रेशन से जोड़ा जा रहा है। राजस्थान रॉयल्स के लिए आखिरी ओवर में रविचंद्रन अश्विन और रोवमैन पॉवेल क्रीज पर मौजूद थे, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। इस रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 2 रन की दरकार थी। भुवनेश्वर कुमार ने मैच की आखिरी गेंद पर रोवमैन पॉवेल को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया और सनराइजर्स हैदराबाद को 1 रन से जीत दिला दी। रॉयल्स के खिलाफइस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को मैन ऑफद मैच चुना गया। इसके बाद काव्या मारन ने खुशी से हवा में जंप लगाई। इसके बाद तेजी से उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

## सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स में टक्कर

हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2024 का 50वां मुकाबला खेला जा रहा है। हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। वहीं दोनों ही टीमें इस सीजन की टॉप टीमों से हैं। जहां राजस्थान रॉयल्स पॉइंट्स टेबल में 9 मैचों में से 8 जीत के साथ टॉप पर है। अगर रॉयल्स की टीम ये मैच जीत जाती है तो वह सीधे प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद की बात करें तो टीम ने इस सीजन में इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। लेकिन लक्ष्य का पीछा करते हुए उसके बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए हैं। टीम को पिछले दो मैचों में लगातार हार का मुंह देखना पड़ा। दोनों की प्लेइंग 11 राजस्थान रॉयल्स- यशस्वी जयसवाल, संजू सैमसन (विकेटकीपरध्कप्तान), रियान पराग, ध्रुव जुरेल, रोवमैन पॉवेल, शिम्रोन हेटमायर, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, अवेश खान, युजवेंद्र चहल, संदीप शर्मा। सनराइजर्स हैदराबाद- ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनमोलप्रीत सिंह, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), नितीश रेड्डी, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, मार्को जानसन, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन।

## डाबर का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 16.5: बढ़कर 341.22 करोड़ रुपए पर

**नयी दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली स्वदेशी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.55 प्रतिशत बढ़कर 341.22 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने कहा कि लागत में कमी तथा वितरण नेटवर्क में विस्तार की वजह से उसका मुनाफा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 292.76 करोड़ रुपये रहा था। डाबर इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आमदनी मार्च तिमाही में 5.11 प्रतिशत बढ़कर 2,814.64 करोड़ रुपए हो गई है, जो एक साल पहले समान अवधि में 2,677.80 करोड़ रुपए थी। डाबर इंडिया का कुल खर्च मार्च तिमाही में 3.67 प्रतिशत बढ़कर 2,490.43 करोड़ रुपए रहा। डाबर इंडिया की कुल आय मार्च तिमाही में 5.18 प्रतिशत बढ़कर 2,943.49 करोड़ रुपए रही है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 6.46 प्रतिशत बढ़कर 1,811.31 करोड़ रुपए रहा है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1,701.33 करोड़ रुपए था। बीते वित्त वर्ष में कंपनी की परिचालन आय 7.58 प्रतिशत बढ़कर 12,404.01 करोड़ रुपए रही थी, जो 2022-23 में 11,529.89 करोड़ रुपए था। डाबर इंडिया ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि इसके साथ ही उसकी एकीकृत आमदनी 12,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई। डाबर इंडिया का शेयर बृहस्पतिवार को बीएसई पर 4.03 प्रतिशत वृद्धि के साथ 528 रुपए पर बंद हुआ।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री 13: बढ़कर 70,471 इकाई

**नयी दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 70,471 इकाई हो गई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।